mediaauditornews@gmail.com Epaperdainikmediaauditor.in वर्ष-29 अंक-265 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

रीवा
25 सितम्बर 2025 गुरुवार

# दैनिक मीडियाऑडीटर

रीवा, सतना एवं मनेन्द्रगढ़ से एक साथ प्रकाशित



एशिया कप : इतिहास...
@ पेज 7



## आज मां कूष्मांडा का दिन

नवरात्र के चौथे दिन नवदुर्गा के चौथे स्वरूप के रूप में मां दुर्गा की पूजा माता कूष्मांडा के रूप में की जाती है. चौथे नवरात्र को चैत्र शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को माता कूष्मांडा का पूजन होता है. इस दिन भक्त भोग में मिठाई, फल और मालपुआ अर्पित करते हैं. मान्यता है कि मां कुष्मांडा की पूजा से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं. मां कूष्मांडा आठ भुजाओं वाली दिव्य शक्ति है. इसलिए इन्हें अष्ठभुजा देवी भी कहा जाता है ।

## मुंह में पत्थर ठूंसकर बच्चे को जंगल में फेंका



### रोने की आवाज नहीं आए, इसलिए फेवीक्विक लगाया

**भीलवाड़ा,एजेंसी।** भीलवाड़ा में मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। 15 दिन के मासूम को जंगल में फेंक दिया।

रोने की आवाज न आए, इसलिए उसके मुंह में पत्थर ठूंसकर फेवीक्विक से चिपका दिया। मवेशी चराने वाले की नजर बच्चे पर पड़ी तो उसके होश उड़ गए।

पत्थर मुंह से निकालते ही मासूम रोने लगा। तुरंत लोगों ने मासूम को हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां इलाज किया जा रहा है। घटना मांडलगढ़ में मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे की है।

**जंगल में तड़पता मिला बच्चा :** हेड कॉन्स्टेबल विजय सिंह ने बताया कि बिजौलिया में सीता का कुंड मंदिर के सामने सड़क से सटे जंगल में बच्चा मिला है। मवेशी चरा रहा युवक पत्थरों के ढेर के पास पहुंचा तो बच्चा तड़प रहा था। उसके मुंह में पत्थर फंसा हुआ था। उसने अन्य लोगों को बुलाया। मुंह से पत्थर निकाला और बच्चे को बिजौलिया के सरकारी हॉस्पिटल में भर्ती कराया।

## रामलीला करते कलाकार की हार्ट अटैक से मौत



**चंबा,एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के चंबा में रामलीला का मंचन करते समय एक कलाकार की हार्ट अटैक से मौत हो गई। कलाकार मंच पर बनाए सिंहासन पर ही लुढ़क गया। यह घटना लाइव वीडियो में रिकॉर्ड हुई।

जिस समय यह घटना हुई, उस समय रामलीला में सीता स्वयंवर का मंचन हो रहा था। हार्ट अटैक से करीब 1 मिनट पहले ही मंच पर दशरथ और विश्वामित्र में संवाद हो रहा था। इसमें विश्वामित्र पूछते हैं- राजा दशरथ मेरे लिए क्या करते सकते हैं

इस पर दशरथ ने हंसते हुए कहा, आपके लिए प्राण भी न्योछावर कर दूंगा। इसके कुछ ही क्षण बाद दशरथ का किरदार निभा रहे कलाकार अचेत हो गए। मृतक की पहचान अमरेश महाजन (73) उर्फ शिबू भाई के रूप में हुई है। वह करीब 40 सालों से प्रभु श्रीराम के पिता दशरथ का रोल कर रहे थे।



# लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने की मांग

● शांतिपूर्ण प्रदर्शन हुआ हिंसक, पथराव-आगजनी के बाद लाठीचार्ज ● भाजपा ऑफिस फूंका ● सोनम वांगचुक 15 दिन से भूख हड़ताल पर





**लेह, एजेंसी।** छठी अनुसूची के तहत विशेष दर्जा और लद्दाख को राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर हो रहे बंद और बड़े प्रदर्शन के दौरान लेह में हालात तनावपूर्ण हो गए। प्रदर्शन के दौरान कुछ युवाओं के उग्र हो जाने के बाद पुलिस को आंसू गैस के गोले छोड़ने और लाठीचार्ज करना पड़ा। प्रदर्शन केंद्र सरकार के साथ प्रस्तावित वार्ता को जल्द कराने की मांग को लेकर किया जा रहा था। लेह एपेक्स बॉडी और करगिल डेमोक्रेटिक अलायंस के प्रतिनिधियों और केंद्र सरकार के बीच अगली वार्ता 6 अक्तूबर को प्रस्तावित है। प्रदर्शनकारियों की मांग है कि यह वार्ता जल्द कराई जाए और ठोस फैसले लिए जाएं। इस बंद और प्रदर्शन का आह्वान लेह एपेक्स बॉडी की युवा शाखा ने तब किया जब 35 दिन से भूख हड़ताल पर बैठे 15 में से दो लोगों की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। भूख हड़ताल का नेतृत्व पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक कर रहे हैं, जो लद्दाख को संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर आंदोलनरत हैं। प्रदर्शन के दौरान बीजेपी कार्यालय के बाहर एक सुरक्षा वाहन को आग के हवाले कर दिया गया। हालात को देखते हुए अतिरिक्त सुरक्षाबलों को तैनात किया गया है ताकि क्षेत्र में शांति और कानून-व्यवस्था बहाल की जा सके।

### कैसे हिंसा भड़की...

- **एक दिन पहले सोशल मीडिया पर प्लॉनिंग :** सोनम वांगचुक लद्धाख को पूर्ण राज्य का दर्जा और छठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर लगातार 15 दिन से भूख हड़ताल पर थे। लेकिन अब तक सरकार ने उनकी मांग आंदोलन को लेकर कोई प्रतिक्रिया या बातचीत नहीं की थी। इसलिए मंगलवार को सोनम के समर्थकों ने योजना बनाई की लेह में हिल काउंसिल के ऑफिस के सामने जाकर प्रदर्शन करेंगे। रात में ही सोशल मीडिया चैनल्स के जरिए प्रोटेस्ट कॉल दिया गया।
- **हजारों की तादाद में भीड़ आई :** बुधवार सुबह से ही लेह की सड़कों पर भीड़ जमा हो गई थी। योजना के मुताबिक आंदोलनकारियों को हिल काउंसिल के दफ्तर जाना था। लद्दाख के यूटी बनने के बाद से हिल काउंसिल का दफ्तर सबसे प्रमुख प्रशासनिक केंद्र है। हजारों की तादाद में भीड़ लेह के हिल काउंसिल दफ्तर के बाहर जमा हुई। लेकिन हिल काउंसिल दफ्तर से पहले ही लद्दाख पुलिस और केंद्रीय सुरक्षाबलों ने बैरिकेडिंग की हुई थी। शुरू में प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच बहजबाजी हुई और फिर झड़प शुरू हो गई।
- **पुलिस और प्रदर्शनकारियों की झड़प :** पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प हुई। पुलिस की तरफ से भीड़ को तितर बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे गए। लेकिन उग्र भीड़ ने पहले पुलिस की गाड़ी को आग के हवाले कर दिया और तोड़-फोड़ शुरू कर दी। भीड़ का एक हिस्सा इसके बाद पास में ही स्थित बीजेपी कार्यालय में दाखिल हुआ और वहां आगजनी शुरू हो गई और पूरे दफ्तर में आगजनी और तोड़फोड़ कर दी।

## स्वदेशी वस्तुएं खरीदें तो भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने से कोई रोक नहीं सकता : अमित शाह



**गांधीनगर,एजेंसी।** केंद्रीय गृह एवं सहकारितामंत्री अमित शाह ने देशवासियों का आह्वान किया है कि वे घर पर एक भी विदेशी वस्तु खरीद कर न ले जाएं। उन्होंने कहा कि अगर देशवासी सिर्फ स्वदेशी वस्तुएं खरीदनी शुरू कर दें तो भारत को दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने से कोई रोक नहीं सकता। शाह ने खुशी जताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जीएसटी में खाद्य वस्तुओं पर कर हटा दिया है और किसानों की सभी वस्तुओं पर कर आधा कर दिया है। वह मंगलवार रात गुजरात के गांधी नगर जिले में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

इससे पहले शाह ने गांधीनगर जिले के कलोल स्थित भारतमाता टाउनहॉल में 144 करोड़ रुपये की विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने मौजूद जनसमूह से कहा, एक सांसद के रूप में कलोल को उतना समय नहीं दे पाता। लेकिन मैं यह निश्चित रूप से कह सकता हूं कि मेरे 10 साल पूरे होते ही आप सबको हिसाब-किताब करने का पूरा हक है। इन 10 वर्षों में यदि देशभर के सभी संसदीय क्षेत्रों में सबसे अधिक विकास कार्य कहीं हुए होंगे, तो हमारे गांधीनगर में हुए होंगे। इसकी जिम्मेदारी मेरी और मेरे साथियों की है। दीपावली हर्षोल्लास से मनाने का आह्वान करते हुए उन्होंने फिर एक बार स्वदेशी अपनाकर देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में सहयोगी बनने की अपील की। कार्यक्रम में गांधी नगर जिला भाजपा अध्यक्ष अनिलभाई पटेल, गांधीनगर दक्षिण के विधायक अल्पेशभाई ठाकोर, अमूल के चेयरमैन अशोकभाई चौधरी, गांधीनगर कलेक्टर मेहुल के. दवे आदि मौजूद रहे।कलोल नगरपालिका की बदलेगी सूरतशाह ने कलोल नगरपालिका क्षेत्र के लिए लगभग 53 करोड़ रुपये की लागत वाली पांच योजनाओं का उद्घाटन किया। इनमें 35 करोड़ रुपये की लागत से वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, 11 करोड़ रुपये की लागत से ज्योतेश्वर तालाब का निर्माण, और एक रैन बसेरा शामिल है। इसके अलावा, सफाई उपकरण और विभिन्न बोरवेल के काम पूरे हो चुके हैं और आज उनका लोकार्पण हुआ है। साथ ही, स्वर्णिम जयंती मुख्यमंत्री विकास योजना और एयूडीए अनुदान के अंतर्गत 91 करोड़ रुपये की लागत से कई अन्य कार्य शुरू किए गए। अमित शाह ने कहा कि वर्ष 2029 तक कलोल को ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के समन्वय के साथ एक आदर्श विधानसभा क्षेत्र बनाने की योजना तैयार की गई है।

# महाराष्ट्र के 5 जिलों में बाढ़, 8 लोगों की मौत; बंगाल में 10 की जान गई

### कोलकाता में 39 साल बाद रिकॉर्ड बारिश



**मुंबई/ हैदराबाद/ कोलकाता, एजेंसी।** महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र में पिछले चार दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण अब तक 8 लोगों की मौत हो गई है। इनमें लातूर में तीन, बीड में दो और छत्रपति संभाजीनगर, नांदेड़ और धाराशिव में एक-एक लोगों की मौत बिजली गिरने, डूबने और अन्य कारणों से हुई है। एक अधिकारी ने बताया कि मराठवाड़ा के आठ जिलों में 766 घरों को बाढ़ से नुकसान पहुंचा है। 33,010 हेक्टेयर से ज्यादा जमीन पर लगी फसलें खराब हो गई। बीड और धाराशिव में पांच बांध, कई सड़कें, पुल और स्कूलों को भी नुकसान पहुंचा है। इधर, पश्चिम बंगाल के कोलकाता और आसपास के जिलों में बारिश से मरने वालों का आंकड़ा 10 पहुंच गया है। इनमें 8 मौतें सिर्फ कोलकाता में हुई। 10 में से 9 लोगों की मौत करंट लगने से हुई। कोलकाता के कई इलाके लगातार दूसरे दिन जलमग्न हैं।

कोलकाता में सोमवार देर रात से मंगलवार सुबह तक 251.4 मिमी बारिश हुई थी। कोलकाता में 39 साल बाद एक दिन में इतनी ज्यादा बारिश हुई थी। इससे पहले 26 सितंबर 1986 को एक दिन में 259.5 मिमी बारिश दर्ज की गई थी।

भारी बारिश के चलते पूरा कोलकाता के ज्यादातर इलाकों में 2 से 3 फीट तक पानी भर गया। 30 से ज्यादा फ्लाइट्स और कई ट्रेनें कैंसिल की गईं। स्कूल-कॉलेजों में 25 सितंबर तक छुट्टी की गई है। मूसलाधार बारिश से कई दुर्गा पूजा पंडालों और मूर्तियों को भी नुकसान पहुंचा है।

### पंजाब में खाली राज्यसभा सीट पर चुनाव की घोषणा

## नामांकन 6 अक्टूबर से, 24 अक्टूबर को वोटिंग; केजरीवाल कर चुके इनकार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पंजाब में राज्यसभा की खाली हुई सीट के लिए उपचुनाव 24 अक्टूबर को होगा। निर्वाचन आयोग की तरफ से इस संबंधी नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। आम आदमी पार्टी के पूर्व राज्यसभा सांसद संजीव अरोड़ा के लुधियाना से विधायक चुने जाने के बाद यह सीट खाली हुई थी। उन्होंने विधायक चुने जाने के बाद राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। कयास लगाए जा रहे हैं कि इस सीट से अब आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल राज्यसभा जा सकते हैं। हालांकि, वह एक बयान में कह चुके हैं कि वह राज्यसभा नहीं जाएंगे। पार्टी के प्रवक्ता नील गर्ग का कहना है कि इस सीट पर जो भी जाएगा, वह पंजाब का प्रतिनिधित्व करेगा। उन्होंने कहा कि यह कोई भी हो सकता है- महिला, किसान या कारोबारी। इस बारे में फैसला पार्टी हाईकमान की तरफ से लिया जाएगा।

**गोगी की मौत से लुधियाना सीट पर उपचुनाव हुआ :** चुनाव आयोग के नोटिफिकेशन के मुताबिक,आप नेता संजीव अरोड़ा ने 1 जुलाई 2025 को राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दिया था। लुधियाना पश्चिम से विधायक गुरप्रीत सिंह गोगी की मौत के बाद इसी साल जून में इस सीट पर उपचुनाव हुआ था। इसके लिए पार्टी ने अपने राज्यसभा मेंबर संजीव अरोड़ा को अपना उम्मीदवार बनाया था। अरोड़ा ने 19 जून को उपचुनाव में 10637 मतों के अंतर से जीत हासिल की थी।

### पंजाब से 1 और जमू-कश्मीर से 4 राज्यसभा सीट के लिए 24 अटूबर को मतदान

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने पंजाब की 1 और जम्मू-कश्मीर की 4 राज्यसभा सीट के लिए क्रमश: उपचुनाव और चुनाव की घोषणा की है। पंजाब से राज्यसभा सदस्य संजीव अरोड़ा के 1 अगस्त को इस्तीफा देने के कारण सीट रिक्त हुई थी। इस सीट के लिए 6 अक्टूबर को अधिसूचना जारी की जाएगी। मतदान 24 अक्टूबर को होगा। उसी दिन नतीजे आयेंगे। दूसरी ओर जम्मू-कश्मीर में 4 राज्यसभा सीटों के लिए चुनाव होगा। इनमें से दो सीटें 10 फरवरी 2021 और 2 सीटें 15 फरवरी 2021 को सदस्यों का कार्यकाल पूरा होने से रिक्त हुई थी। हालांकि जम्मू-कश्मीर में विधानसभा नहीं होने के कारण इन सीटों पर चुनाव नहीं हो पाया। अब राज्य में विधानसभा होने से इन सीटों पर मतदान के लिए निर्वाचक मंडल उपलब्ध है। राज्य की चार सीटों के लिए 6 अक्टूबर को अधिसूचना जारी की जाएगी। 24 अक्टूबर को मतदान होगा और उसी दिन नतीजे आयेंगे। हालांकि चार सीटें अलग-अलग कार्यकाल से जुड़ी हैं इसलिए मतदान एक, एक और दो सीटों के लिए अलग-अलग होगा। यानी निर्वाचक मंडल तीन बार मतदान कर एक-एक और दो सदस्यों को चुनेगा। उल्लेखनीय है कि पंजाब में आम आदमी पार्टी की बड़े बहुमत वाली सरकार है। वहीं, जम्मू-कश्मीर में नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस गठबंधन की सरकार है।

## दिल्ली में कॉलेज प्रमुख पर यौन शोषण का आरोप

## 17 छात्राएं बोलीं- अश्लील मैसेज भेजे, जबरन छूता था

### फैकल्टी कहती थी- उसकी बात मानो



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के श्री शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मैनेजमेंट के पूर्व चीफ स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती पर 17 स्टूडेंट्स से यौन शोषण के आरोपों का बुधवार को खुलासा हुआ। छात्राएं इंस्टीट्यूट में EWS स्कॉलरशिप के तहत PGDM (पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट) कर रही हैं। चैतन्यानंद पर उनसे गंदी बातें करने, अश्लील मैसेज भेजने और जबरन छूने का आरोप है।

चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थ सारथी के खिलाफ 4 अगस्त को वसंत कुंज नॉर्थ पुलिस स्टेशन में FIR दर्ज की गई थी। तब वह इंस्टीट्यूट का प्रमुख था। उसे 9 अगस्त को पद से हटाकर निष्कासित किया गया था। एफआईआर दर्ज होने के बाद से चैतन्यानंद फरार है। पुलिस को यूपी के आगरा में उसकी लोकेशन मिली है। दिल्ली पुलिस ने शारदा इंस्टीट्यूट के बेसमेंट से चैतन्यानंद की एक वॉल्वो कार जब्त की है।

उस पर यूनाइटेड नेशन (N) की नंबर प्लेट लगी थी। आमतौर पर ऐसे नंबर राजनयिकों को जारी किए जाते हैं। पुलिस ने बताया कि चैतन्यानंद को यह नंबर ह्न से जारी नहीं हुआ था। उसने खुद ही लिखवाया था।

दिल्ली स्थित शारदा इंस्टीट्यूट कर्नाटक के श्रृंगेरी स्थित दक्षिणाम्नॉय श्री शारदा पीठ की शाखा है। पीठ ने पूरे मामले पर बयान जारी कर कहा कि स्वामी चैतन्यानंद का आचरण और गतिविधियां अवैध और पीठ के हितों के खिलाफ हैं, इसलिए पीठ का उससे कोई संबंध नहीं है।

छात्राएं बोलीं- वार्डन ने उन्हें चैतन्यानंद से मिलवाया था दिल्ली पुलिस के मुताबिक, मठ और उसकी संपत्तियों के एडमिनिस्ट्रेटर पी.ए. मुरली ने चैतन्यानंद के खिलाफ 4 अगस्त को शिकायत की थी। पूछताछ के दौरान 32 छात्राओं के बयान दर्ज किए गएय्

इनमें से 17 ने चैतन्यानंद पर यौन शोषण के आरोप लगाए। छात्राओं ने दावा किया कि इंस्टीट्यूट में काम करने वाले कुछ वार्डन ने उन्हें आरोपी से मिलवाया था।

पीड़ितों ने बताया कि महिला फैकल्टी और कर्मचारी उनपर आरोपी की बातें मानने का दबाव डालती थीं।

## इंदौर एयरपोर्ट पर यात्री की पैंट में घुसा चूहा, काटा

### भोपाल के पैसेंजर को नहीं मिली मेडिकल फैसिलिटी, बेंगलुरु में लगवाया रेबीज का इंजेक्शन

**इंदौर ,एजेंसी।** इंदौर एयरपोर्ट पर एक यात्री की पेंट में चूहा घुस गया। उसने यात्री को काट भी लिया। खास बात ये है कि पैसेंजर को एयरपोर्ट पर कोई मेडिकल फैसिलिटी नहीं मिली। उसने बेंगलुरु पहुंचने के बाद इंजेक्शन लगवाया।

मामला मंगलवार का है। इंदौर एयरपोर्ट सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, भोपाल के रहने वाले अरुण मोदी इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट संख्या 6E 6739 से बेंगलुरु जा रहे थे। उनकी पत्नी साथ थीं। फ्लाइट दोपहर 3 बजकर 5 मिनट उड़ान भरती है।

मोदी दंपती दोपहर करीब 1 बजे एयरपोर्ट पहुंचे। फ्लाइट में समय बाकी होने के कारण वे एयरपोर्ट के ग्राउंड फ्लोर पर डिपार्चर हॉल में इंतजार कर रहे थे। अरुण रिकलाइनर्स पर आराम करने के लिए बैठे थे। इसी दौरान एक चूहा उनकी पैंट में घुस गया।

### पैंट उतारकर पकड़ा चूहा

अरुण हड़बड़ाकर उठे। उन्होंने बाहर से ही चूहे को पकड़ा। इस पर चूहे ने उन्हें घुटने के पीछे काट लिया। उन्होंने पैंट उतारी और चूहे को पकड़ा। घटना से गुस्साए मोदी दंपती चिल्लाने लगे। शोर सुनकर एयरपोर्ट स्टाफ वहां पहुंचा। अरुण को मेडिकल रूम में ले गया। अरुण मोदी भोपाल के रहने वाले हैं।

## शहीद की प्रतिमा खंडित, सदमे में पिता की मौत,सिरसा में बारिश में धंसा था स्मारक, फोटो देख रोते रहे रिटायर्ड फौजी



**सिरसा, एजेंसी।** सिरसा के हांडी खेड़ा गांव में एक रिटायर्ड फौजी पिता अपने शहीद बेटे का प्रतिमास्थल खंडित होने पर इस कद्र सदमे में आए कि खुद भी दम तोड़ दिया। 26 सितंबर को उनकी रस्म क्रिया है। उनके 32 साल के बेटे अमित कुमार सेना में लांस नायक थे। 8 जुलाई 2023 को यूपी के प्रयागराज में ड्यूटी के दौरान तबीयत बिगड़ने से उनका निधन हो गया था। 8 जुलाई 2026 को अमित कुमार का गांव में स्मारक स्थल बनाया गया, जहां प्रतिमा लगाई गई। पिछले दिनों बारिश में स्मारक स्थल धंस गया और प्रतिमा खंडित हो गई। 12 सितंबर को यहां से प्रतिमा उतारी गई। उसके बाद से रिटायर्ड फौजी पिता रामजीलाल कसाना (67) लगातार बेटे को फोटो देखकर रोते रहे।

# पड़ोसियों के झगड़े से शुरू मुकदमा बच्चों को पिज्जा बांटने पर खत्म

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हाईकोर्ट ने पड़ोसियों के बीच पालतू जानवरों के रखरखाव को लेकर हुए विवाद में एक अनोखा आदेश जारी किया है। न्यायमूर्ति अरुण मोंगा ने दोनों पक्षों द्वारा दर्ज क्रॉस एफआईआर को रद्द करने की शर्त पर उन्हें संयुक्त रूप से संस्कार आश्रम के बच्चों को पिज्जा बांटने का निर्देश दिया है। इसमें जीटीबी अस्पताल के पास स्थित संस्कार आश्रम के बच्चों, कर्मचारियों और अन्य स्टाफ को मिक्स वेजिटेबल पिज्जा और अमूल छाछ का टेट्रा पैक परोसना शामिल है।

मानसरोवर पार्क इलाके में मामूली विवाद से शुरू झगड़े में दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करा दिया था। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पाया कि पड़ोसियों के बीच निजी विवाद था, जो पालतू जानवरों के संचालन से संबंधित था। दोनों पक्षों ने एक जुलाई को समझौता कर लिया था। कोर्ट ने माना कि आपराधिक कार्यवाही जारी रखना कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग होगा और इससे पड़ोसियों के बीच शत्रुता बढ़ सकती है। कोर्ट को पता चला कि एक शिकायतकर्ता पिज्जा बनाने और बेचने के व्यवसाय में हैं। इसलिए, आदेश दिया गया कि पिज्जा उसी शिकायतकर्ता द्वारा तैयार किए जाएंगे और दोनों पक्ष मिलकर उन्हें परोसेंगे। प्रत्येक बच्चे, अटेंडेंट और स्टाफ को एक पिज्जा और एक अमूल छाछ दी जाएगी। मेनू की सॉफ्ट कॉपी जांच अधिकारी के व्हाट्सएप पर भेजी गई है, ताकि पिज्जा की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके।

## नेशनल म्यूजियम से डांसिंग गर्ल की रेप्लिका चोरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में स्थित नेशनल म्यूजियम से डांसिंग गर्ल की रेप्लिका की चोरी होने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। नई दिल्ली जिले की कर्तव्य पथ थाना पुलिस ने इस मामले में हरियाणा के सोनीपत स्थित निजी यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर को पकड़ा है। नई दिल्ली जिला पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रोफेसर को बाद में छोड़ दिया गया। उसके कब्जे से रेप्लिका बरामद कर ली गई है। हालांकि प्रोफेसर ने चोरी करने के आरोपों से इन्कार किया है।

नई दिल्ली जिला पुलिस अधिकारियों के अनुसार शनिवार को चोरी की घटना के बाद तैनात सीआईएसएफ के जवान ने तलाशी लेते हुए आरोपी प्रोफेसर को पकड़ लिया और कर्तव्य पथ पुलिस थाने में पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शनिवार दोपहर करीब 2.40 बजे राष्ट्रीय संग्रहालय से डांसिंग गर्ल की रेप्लिका चोरी होने के बारे पता लगा। सीआईएसएफ के कर्मचारियों ने संग्रहालय की अनुभव गैलरी से रेप्लिका को गायब पाया। इसके बाद उन्होंने तुरंत तलाशी अभियान शुरू किया। तलाशी के दौरान परिसर के अंदर से प्रोफेसर को पकड़ लिया गया। उसके कब्जे से रेप्लिका बरामद कर ली गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम म्यूजियम पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

## तालाब में डूबने से भाई-बहन की मौत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बाबा हरिदास नगर के झाड़ौदा कलां गांव में तालाब में डूबने से रुद्राक्ष (8) और बड़ी आराध्या (10) की मौत हो गई सोमवार शाम दोनों खेलते हुए गायब हो गए थे। देर रात तलाशी अभियान के दौरान पुलिस ने दोनों बच्चों का शव तालाब में तैरते हुआ देखा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा होगा। गीतांजलि कॉलोनी निवासी दीपक पांडेय कापसहेड़ा स्थित फैक्टरी में काम करते हैं। उनकी पत्नी आशा वर्कर है। परिवार वालों ने बताया कि हाल के दिनों इलाके में जल जमाव होने की वजह से दीपक को अपना घर छोड़ना पड़ा। वह कॉलोनी के पास झाड़ौदा कलां गांव में अपने एक रिश्तेदार के घर में रह रहे थे। परिवार वालों ने पुलिस को बताया कि सोमवार शाम करीब चार बजे उनके दोनों बच्चे रुद्राक्ष और आराध्या घर के बाहर खेल रहे थे। कुछ देर बाद दोनों गायब हो गए। परिवार वालों ने उनकी काफी तलाश की। यहां तक की गांव वालों ने माइक से उदघोषणा करवाई, लेकिन बच्चों का कोई सुराग नहीं मिला। शिकायत मिलने के बाद पुलिस टीम ने बच्चों की तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने बच्चों के घर के आस पास लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच की। जिसमें उन्हें मंदिर की तरफ जाते हुए देखा गया। पुलिस टीम मंदिर परिसर में मौजूद तालाब के पास गई। जहां पुलिस ने बच्चों के शव को पानी के ऊपर तैरता हुआ देखा। छानबीन में पता चला कि तालाब की सीढ़ियों पर काई जमी हुई थी। आशंका है कि पैर फिसलने से दोनों बच्चे पांच फीट गहरे पानी में चले गए। जिसकी वजह से हादसा हुआ।

## झपटमारी करने वाली दो महिलाएं गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** द्वारका सेक्टर-23 थाना पुलिस ने झपटमारी के मामले में दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। दोनों के ही नाम रेवला खानपुर निवासी हीना है। जिला पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया कि 8 सितंबर को बिंदापुर गांव निवासी दीपक ने द्वारका सेक्टर-23 थाने में झपटमारी की शिकायत की। उन्होंने बताया कि 7 सितंबर को बैटरी लगाने का ऑर्डर मिलने पर वह बाइक से धूलसिरस चौक और बजघेड़ा मोड़ के बीच नाला रोड पर गुरुग्राम जा रहा था। नाला रोड पर दो महिलाओं ने रुकने का इशारा किया। एक महिला ने उसे सौ रुपये की मदद मांगी। पर्स निकाल कर पैसे देने लगा, दूसरी महिला उसका पर्स झपटकर जंगल में भाग गई। पर्स में जिसमें करीब दस हजार रुपए थे। पुलिस टीम ने 15 सितंबर को दबिश देकर दोनों हीना को गिरफ्तार कर लिया।

## नगर निगम के 310 सफाई कर्मचारियों को सौंपे गए नियमितीकरण पत्र

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली नगर निगम ने बुधवार को एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए 310 सफाई कर्मचारियों को नियमितीकरण पत्र प्रदान किए। दिल्ली नगर निगम मुख्यालय सिविक सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और महापौर राजा इकबाल सिंह ने कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि भाजपा हमेशा से सफाई कर्मचारियों को निगम की रीढ़ मानती आई है। सफाई कर्मचारी न केवल दिल्ली को स्वच्छ और स्वस्थ रखते हैं बल्कि अपनी मेहनत, समर्पण और ईमानदारी से पूरे शहर के नागरिकों के जीवन को सुरक्षित बनाते हैं। भाजपा सरकार और निगम दोनों का यह दृढ़ संकल्प है कि सफाईकर्मियों को उनका हक और अधिकार मिले। उन्होंने कहा कि नियमितीकरण से इन कर्मचारियों को न सिर्फ नौकरी की स्थिरता मिलेगी बल्कि उनके परिवारों को भी सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य सुविधाएं और सम्मानजनक जीवन का भरोसा मिलेगा। सचदेवा ने कहा कि भाजपा और निगम की नीतियों का केंद्रबिंदु सदैव 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास' रहा है। इसी संकल्प के तहत सफाई कर्मियों को सम्मान और स्थिरता प्रदान कर रहे हैं।महापौर राजा इकबाल सिंह ने कहा कि आज का दिन सफाई कर्मचारियों के जीवन में एक नए अध्याय की शुरुआत है। निगम ने 310 सफाई कर्मचारियों को नियमित किया। यह केवल नियुक्ति पत्र का वितरण नहीं है, बल्कि उनके जीवनभर की मेहनत को सम्मान देने का कार्य है। इकबाल सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में आने वाले समय में अस्थायी सफाई कर्मचारियों को स्थायी करेंगे। निगम का लक्ष्य है कि दिल्ली नगर निगम का कोई भी कर्मचारी अस्थायी न रहे। जब तक हर सफाई कर्मचारी को पक्का दर्जा नहीं मिल जाता, यह सिलसिला जारी रहेगा।महापौर ने कहा कि दिल्ली नगर निगम प्रधानमंत्री मोदी के स्वच्छ भारत मिशन और भाजपा संगठन की कार्यसंस्कृति के अनुरूप काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि सफाईकर्मी केवल कर्मचारी नहीं, बल्कि दिल्ली के सच्चे 'स्वच्छता दूत' हैं।इस अवसर पर स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा, नेता सदन प्रवेश वाही, स्थायी समिति उपाध्यक्ष सुंदर सिंह, डेम्स समिति अध्यक्ष संदीप कपूर, शिक्षा समिति अध्यक्ष योगेश वर्मा, निगमायुक्त अश्वनी कुमार सहित निगम के वरिष्ठ अधिकारी एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### मौत की सवारी बना ई-रि शा

# लापरवाही ने छीनी 12वीं की छात्रा की सांसें, छोटी बहन रह गई घर में अकेली



**नई दिल्ली,एजेंसी।** मध्य जिला के पहाड़गंज इलाके में ई-रिक्शा चालक की लापरवाही ने राधिका सोलंकी (16) नाम की 12वीं कक्षा की छात्रा की जान ले ली और दो अन्य छात्राओं और एक युवक को जख्मी कर दिया। तेज रफ्तार से ई-रिक्शा चला रहे चालक ने रेड लाइट जंप करने के बाद अचानक वाहन मोड़ा तो वह अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में तीन छात्राएं और एक युवक घायल हो गया। घायलों को नजदीकी लेडी हार्डिंग अस्पताल ले जाया गया, जहां राधिका को मृत घोषित कर दिया गया। वहीं वंशिका (11), मोहम्मद जाहिद (32) व एक अन्य छात्रों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

मध्य जिला पुलिस उपायुक्त निधिन वल्सन ने बताया कि मंगलवार सुबह करीब 7.30 बजे सूचना पर पहुंची पुलिस ने राधिका का शव मोर्चरी भेजा। इधर, लोगों ने आरोपी चालक दिलीप (46) को पकड़ लिया था, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और ई-रिक्शा कब्जे में ले लिया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से मामले की छानबीन कर रही है। जाहिद ने पुलिस को बताया कि नबी करीम इलाके से तीन स्कूली छात्राओं के साथ ई-रिक्शा में सवार हुआ था। आरोपी चालक दिलीप बेहद लापरवाही से ई-रिक्शा चला रहा था। उसे टोका भी गया, लेकिन वह नहीं मना। तेज रफ्तार ई-रिक्शा अचानक मोड़ने से यह हादसा हुआ।

**माता-पिता पहले ही नहीं अब बड़ी बहन भी नहीं रही:** राधिका के पिता संजय सोलंकी की करीब चार साल पहले बीमारी से मौत हो गई थी जबकि कुछ दिनों बाद सदमे से मां की हृदयघात से मौत हो गई। परिवार में राधिका और उसकी आठ साल की छोटी बहन चकोर ही थी। दोनों बच्चियां अपने ताऊ अशोक सोलंकी के साथ नबी करीम इलाके में रहती थीं। ताऊ ही दोनों बच्चियों को पढ़ा रहे थे। राधिका पहाड़गंज के सरकारी स्कूल में जाती थी। सोमवार को बहन की मौत के बाद से चकोर बदहवास है।

## छात्रों के विरोध के बाद प्रशासन ने स्थगित की हॉस्टल मीटिंग, JNUSU ने लगाया फीस बढ़ाने का आरोप



**नई दिल्ली ,एजेंसी।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (JNU) एक बार फिर छात्र विरोध प्रदर्शन की वजह से सुर्खियों में है। मंगलवार को जेएनयू प्रशासन को इंटर हॉस्टल एडमिनिस्ट्रेशन (IHA) की बैठक स्थगित करनी पड़ी क्योंकि सैकड़ों छात्र कन्वेंशन सेंटर के बाहर इकट्ठा होकर विरोध करने लगे। छात्रों का आरोप है कि प्रशासन बैकडोर से फीस बढ़ोतरी लागू करने की कोशिश कर रहा था।

**बिना उचित प्रक्रिया अपनाए बुलाई गई मीटिंग- जेएनयू छात्र संघ:** जेएनयू छात्र संघ (JNUSU) ने बताया कि प्रशासन की ओर से बिना उचित प्रक्रिया अपनाए यह मीटिंग बुलाई गई थी। IHA मैनुअल के अनुसार 10 दिन पहले नोटिस जारी होना चाहिए था, लेकिन कन्वीनर सुनील यादव को केवल सुबह 10 बजे सूचना मिली, जबकि बैठक दोपहर 3 बजे रखी गई थी। छात्र संघ का दावा है कि एजेंडे में मेस सुरक्षा जमा राशि, गेस्ट रूम शुल्क, भोजन कूपन, जुर्माना और अन्य हॉस्टल शुल्कों में बढ़ोतरी से जुड़े प्रस्ताव शामिल थे। इसे छिपे तरीके से फीस बढ़ाने का प्रयास बताया गया।

**प्रतिनिधियों को नहीं दी गई पूरी जानकारी:** इसके साथ ही छुहस ने यह भी आरोप लगाया कि प्रशासन डिजिटल मेस कार्ड के जरिए निगरानी प्रणाली लागू करना चाहता है। संघ का कहना है कि चुने हुए प्रतिनिधियों को अंतिम समय तक पूरी जानकारी नहीं दी गई, जिससे छात्र प्रतिनिधित्व को कमजोर करने की कोशिश हुई।

छात्रों के विरोध और कन्वेंशन सेंटर पर जुटने के बाद प्रशासन को बैठक स्थगित करनी पड़ी। छुहस ने इसे छात्र समुदाय की जीत बताया और कहा कि बैकडोर से फीस बढ़ोतरी लागू करने का प्रयास एक बार फिर नाकाम हुआ।

## दिल्ली से इंटर-स्टेट बस की 18 साल बाद वापसी, सीएम रेखा गुप्ता ने बड़ौत एसी सेवा के लिए दिखाई हरी झंडी



**दिल्ली, एजेंसी।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को लगभग 18 वर्षों बाद इंटर-स्टेट एसी बस सेवा को हरी झंडी दिखाकर फिर से शुरू किया। यह सेवा इलेक्ट्रिक होगी और दिल्ली के महाराणा प्रताप आईएसबीटी कश्मीरी गेट से उत्तर प्रदेश के बड़ौत तक चलेगी। मुख्यमंत्री ने आधुनिक ऑटोमेटेड फेयर कलेक्शन सिस्टम (एएफसीएस), डिजिटल टिकटिंग के लिए चलो एप भी लॉन्च किया। कार्यक्रम के दौरान डीटीसी और केनरा बैंक के बीच पूरे नेटवर्क में एएफसीएस लागू करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए। बस कंडक्टरों को ई-टिकट जारी करने के लिए पीओसी मशीनें वितरित की गईं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि आने वाले समय में कई और नए रूटों पर इंटर-स्टेट एसी बसें शुरू की जाएंगी, विशेषकर धार्मिक स्थलों तक पहुंच आसान बनाने के लिए। उन्होंने कहा कि अगर निजी बसें दिल्ली में चल सकती थीं तो हमारी सरकारी बसें क्यों नहीं परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह, बागपत से सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान, परिवहन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी यहां मौजूद रहे।

**इंटर-स्टेट बस सेवा का रूट और टाइमिंग:** नई दिल्ली- बड़ौत एसी इलेक्ट्रिक बस सेवा कश्मीरी गेट से शुरू होकर खजूरी खास, भजनपुरा, लोनी बॉर्डर, बागपत और सरूरपुर होते हुए बड़ौत तक जाएगी। दिल्ली से बड़ौत जाने 5:30 और 6:00 बजे रवाना होंगी।

# बड़े भाई ने काट डाली छोटे भाई की पत्नी

### दिल्ली में खौफनाक वारदात, महिला को बचाने आई बेटी और जेठानी पर भी हमला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम दिल्ली के ख्याला स्थित जेजे कॉलोनी में मंगलवार सुबह एक शख्स ने अपने छोटे भाई की पत्नी पर चापड़ से हमला कर उसकी बेरहमी से हत्या कर दी। आरोपी ने महिला का गला रेतने के अलावा उसके शरीर पर कई जगह चापड़ से वार किए। मां को बचाने आई बेटी व महिला की दूसरी जेठानी पर भी आरोपी ने चापड़ से हमला कर दिया।

**बचाने आई बेटी और जेठानी पर किया हमला:** दोनों बुरी तरह जख्मी हो गए। शोर-शराबा सुनकर आए बाकी परिजनों ने आरोपी इस्तिखार अहमद (49) को चापड़ समेत मौके पर पकड़ लिया। बाद में पुलिस को खबर दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने नुसरत (39), इसकी बेटी सानिया (20) और नुसरत की जेठानी अकबरी (42) को आरएमएल अस्पताल में भर्ती कराया, जहां नुसरत को मृत घोषित कर दिया गया।

**बेटे के बयान पर एफआईआर दर्ज:** अस्पताल में सानिया और अकबरी की हालत गंभीर बनी हुई है। वारदात की सूचना मिलते ही जिला के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए। क्राइम टीम व एफएसएल को मौके पर बुला लिया गया। बाद में पुलिस ने नुसरत के बेटे उस्मान (19) के बयान पर हत्या, हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी इस्तिखार अहमद को गिरफ्तार कर लिया है।

**इस्तिखार को छोड़कर चली गई थी पत्नी:** शुरुआती जांच के बाद पुलिस को पता चला है कि इस्तिखार की पत्नी उसे छोड़कर चली गई थी। उसे लगता था कि नुसरत के भड़काने पर उसके परिवार में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। इसी वजह से उसकी पत्नी ने उसे छोड़ा है। मंगलवार सुबह वह सबक सिखाने की नियत से जेजे कॉलोनी ख्याला पहुंचा और वारदात को अंजाम दिया।

**सिविल डिफेंस वॉलंटियर थी नुसरत:** पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त डीएस भास्कर ने बताया कि नुसरत अपने परिवार के साथ जेजे कॉलोनी, ख्याला में रहती थी। इसके परिवार में पति के अलावा बेटी सानिया व बेटा उस्मान है। इनके साथ छोटे जेठ का परिवार भी रहता है। नुसरत थी।

## जयशंकर ने न्यूयॉर्क में समान विचारधारा वाले दक्षिण देशों की उच्चस्तरीय बैठक की मेजबानी की



**न्यूयॉर्क (अमेरिका), एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के उच्चस्तरीय 80वें सत्र में हिस्सा लेने पहुंचे भारतीय विदेशमंत्री जयशंकर ने आज यहां समान विचारधारा वाले वैश्विक दक्षिण देशों की उच्चस्तरीय बैठक की मेजबानी की। उन्होंने बैठक का ब्यौरा और फोटो एक्स हैंडल पर साझा करते हुए लिख कि उन्हें सभी का स्वागत कर प्रसन्नता हुई। जयशंकर ने कहा कि बढ़ती चिंताओं और जोखिमों की बहुलता को देखते हुए यह स्वाभाविक है कि वैश्विक दक्षिण समाधान के लिए बहुपक्षवाद की ओर रुख करे।

उन्होंने एक्स पोस्ट पर कहा कि वैश्विक मामलों में वैश्विक दक्षिण के दृष्टिकोण के लिए निम्नलिखित प्रस्ताव रखे गए। 1-एकजुटता बढ़ाने और सहयोग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से वैश्विक दक्षिण के देशों के बीच परामर्श को मजबूत करने के लिए मौजूदा मंचों का उपयोग करें। 2-अपनी विशिष्ट शक्तियों, अनुभवों और उपलब्धियों को सामने लाएं जो हमारे द्वारा विकसित की गई हों और जिनसे वैश्विक दक्षिण के अन्य देशों को लाभ हो सकता है। टीके, डिजिटल क्षमताएं, शिक्षा क्षमताएं, कृषि-पद्धतियां और लघु एवं मध्यम उद्यम संस्कृति इसके अच्छे उदाहरण हैं। 3-जलवायु कार्रवाई और जलवायु न्याय जैसे क्षेत्रों में, ऐसी पहल करें जो वैश्विक उत्तर को उचित ठहराने के बजाय वैश्विक दक्षिण के हित में हों। 4-भविष्य में आने वाली तकनीकों, विशेष रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता, की संभावनाओं पर चर्चा करें और संयुक्त राष्ट्र और समग्र रूप से बहुपक्षवाद में सुधार करें।

## आयरलैंड में सजे असम के सांस्कृतिक रंग, कविताओं से महकी शाम



**डबलिन, एजेंसी।** बलिन स्थित भारतीय दूतावास के तत्वावधान में असम को समर्पित पहला सांस्कृतिक कार्यक्रम अपनी मधुर यादें छोड़ गया। भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विविधता में एकता और एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना से प्रेरित होकर भारतीय दूतावास ने आयरलैंड में पहली बार असम राज्य को समर्पित विशेष सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया। यह आयोजन दूतावास की राज्य-सांस्कृतिक-कार्यक्रम-शृंखला पहल का एक हिस्सा रहा।

इस कार्यक्रम में असम की समृद्ध ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, पाक कला और पर्यटन की विरासत पर मल्टीमीडिया प्रस्तुति के साथ पारंपरिक नृत्य, असमिया कविता पाठ और असम की आकर्षक वस्त्र एवं शिल्प परंपरा का प्रदर्शन किया गया। यह कार्यक्रम श्री दिगंत मालाकार की अध्यक्षता वाले असम एसोसिएशन ऑफ आयरलैंड के उत्साही समर्थन और भागीदारी के कारण संभव हो सका।

इस अवसर पर आयरलैंड में भारत के राजदूत अखिलेश मिश्र ने राजदूतावास की असम पर पहली बार आयोजित विशेष प्रस्तुति की मेजबानी पर प्रसन्नता व्यक्त की। यह कार्यक्रम आयरलैंड में अपेक्षाकृत छोटे लेकिन अत्यंत जीवंत और सक्रिय असमिया समुदाय (जिनकी वर्तमान में अनुमानित संख्या लगभग 200 है) की ऊर्जा से ही सम्भव हुआ।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत के विभिन्न राज्यों की अपनी अपनी- अपनी विशिष्ट भाषायी, सांस्कृतिक और प्राकृतिक आकर्षण, कला और शिल्प की विरासत है। सभी भारतीयों को भारत के अन्य भागों में रहने वाले अपने भाइयों और बहनों की सांस्कृतिक समृद्धि और रचनात्मक कौशल के बारे में जानने, पारस्परिक विकास के लिए एक-दूसरे से सीखने और राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक-दूसरे की प्रगति और प्रसार में सहयोग करने की आवश्यकता है।

उन्होंने याद दिलाया कि राजदूतावास की राज्य सांस्कृतिक कार्यक्रम शृंखला (जिसके अन्तर्गत अब तक 16 राज्यों को समर्पित कार्यक्रम किए जा चुके है) शुरू करने का मुख्य उद्देश्य आयरलैंड में प्रवासी भारतीयों के साथ-साथ आयरिश लोगों को भारत की अविश्वसनीय विविधता में विद्यमान एकता का अनुभव कराना है।

### ट्रम्प और जेलेंस्की की द्विपक्षीय बैठक, रूस पर दबाव बढ़ाने पर हुई चर्चा

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के मंच पर यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की के साथ द्विपक्षीय बैठक की। बैठक में दोनों नेताओं ने रूस पर दबाव बढ़ाने और यूक्रेन पर आक्रमण रोकने के लिए संयुक्त प्रयासों पर चर्चा की।

जेलेंस्की ने ट्रम्प के आज के महासभा संबोधन का समर्थन किया, जिसमें ट्रम्प ने कहा कि यदि रूस युद्ध जारी रखता है तो यूरोप को रूसी गैस और तेल खरीदना रोक देना चाहिए। ट्रम्प ने कहा, वे खुद के खिलाफ युद्ध का वित्तपोषण कर रहे हैं। यूक्रेनी नेता ने भी जोर दिया कि और अधिक दबाव और अधिक प्रतिबंध की आवश्यकता है ताकि क्रेमलिन को रोकने में मदद मिल सके। सुरक्षा गारंटी के विषय पर ट्रम्प ने कहा कि वह संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा यूक्रेन को दी जाने वाली सुरक्षा गारंटी पर बात करने की उम्मीद रखते हैं, लेकिन अभी उन्होंने कोई विस्तृत विवरण साझा नहीं किया।

# क्वेटा में जाफर एक्सप्रेस विस्फोट की जिम्मेदारी बलोच रिपब्लिकन गार्ड्स ने ली, पाकिस्तान की सेना के कई जवानों को मारने का किया दावा



**क्वेटा (बलोचिस्तान) पाकिस्तान, एजेंसी।** बलोचिस्तान की राजधानी क्वेटा के पास मंगलवार को जाफर एक्सप्रेस को निशाना बनाकर किए गए विस्फोट की जिम्मेदारी बलोच रिपब्लिकन गार्ड्स (बीआरजीएस) ने ली है। बीआरजीएस ने दावा किया है कि इस हमले पाकिस्तान सेना के कई जवान मारे गए और तमाम सैनिक घायल हो गए। संघीय सरकार ने बीआरजी के इस दावे पर फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। द बलोचिस्तान पोस्ट की हमले के फौरन बाद पश्तो भाषा में की गई पोस्ट के अनुसार, बलोच रिपब्लिकन गार्ड्स के प्रवक्ता दोस्तिन बलोच ने मीडिया को जारी एक बयान में यह दावा करते हुए विस्फोट की जिम्मेदारी ली है। उन्होंने कहा कि बीआरजीएस के लड़ाकों ने मंगलवार शाम क्वेटा के पास मस्तुंग के रेगिस्तान में एक आईईडी लगाया और रिमोट कंट्रोल से जाफर एक्सप्रेस को निशाना बनाकर विस्फोट किया। इस विस्फोट से ट्रेन में सवार पाकिस्तान की सेना के कई जवान मारे गए और घायल हो गए। विस्फोट से ट्रेन के पांच डिब्बे पटरी से उतरकर पलट गए।

बलोच रिपब्लिकन गार्ड्स के प्रवक्ता दोस्तिन ने कहा कि पाकिस्तान की सेना अपने परिवहन और आवाजाही के लिए यात्री रेलगाड़ियों का उपयोग करती है। प्रवक्ता ने कहा कि बीआरजीएस हमले की जिम्मेदारी स्वीकार करता है और यह स्पष्ट करता है कि बलोचिस्तान के आजाद होने तक ऐसे हमले जारी रहेंगे। पाकिस्तान के समाचार पत्र द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की खबर के अनुसार, यह वारदात मस्तुंग जिले के दश्त इलाके में हुई। अधिकारियों के अनुसार, पेशावर से क्वेटा जा रही जाफर एक्सप्रेस को निशाना बनाकर रेलवे ट्रैक पर विस्फोट किया गया। विस्फोट में एक दर्जन यात्री घायल हो गए। घायलों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं।

जिले के अधिकारियों के अनुसार, घायलों को क्वेटा के अस्पतालों में ले जाया गया। चिकित्सकों ने बताया कि कुछ यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं, जबकि अन्य की हालत गंभीर बनी हुई है। रेलवे अधिकारियों ने पुष्टि की है कि विस्फोट से पटरी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। इसके कारण क्षेत्र में रेल सेवाएं स्थगित करनी पड़ी हैं। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। रेलमंत्री हनीफ अब्बासी ने जाफर एक्सप्रेस घटना की जांच के आदेश दिए हैं और अधिकारियों को 24 घंटे के भीतर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है।

इससे पहले 11 मार्च में आतंकवादियों ने नौ बोगियों में 400 से अधिक यात्रियों को ले जा रही जाफर एक्सप्रेस का अपहरण कर लिया था।

## पर्यटन को बढ़ावा देने संजय टाइगर रिजर्व की स्थानीय सलाहकार समिति की बैठक आयोजित

# पर्यटन को बढ़ावा देने सुव्यवस्थित प्रयास आवश्यकः कमिश्नर

**मीडिया ऑडीटर, सीधी ( निप्र )।** संजय टाइगर रिजर्व क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के संबंध में कमिश्नर रीवा संभाग बी.एस. जामोद की अध्यक्षता में स्थानीय सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधायक धौहनी कुंवर सिंह टेकाम, कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी, क्षेत्र संचालक संजय टाइगर रिजर्व अमित कुमार दुबे सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे और पर्यटन विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। कमिश्नर जामोद ने कहा कि संजय टाइगर रिजर्व क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सुव्यवस्थित प्रयास आवश्यक हैं। पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए रिसॉर्ट्स, जिप्सी जैसी पर्यटक सुविधाओं में विस्तार किया जाए और निजी निवेशकों को



भी प्रोत्साहित किया जाए। रिजर्व की विशेषताओं का प्रचार-प्रसार प्रमुख रेलवे स्टेशन, बस अड्डों तथा एयर पोर्ट पर होर्डिंग्स, सोशल मीडिया तथा गुणवत्तापूर्ण फोटो-वीडियो के माध्यम से करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि पर्यटन विकास के लिए आंतरिक और बाहरी कॉरिडोर विकसित करना जरूरी है। बांधवगढ़, संजय टाइगर रिजर्व, चन्द्रेह और मुकुंदपुर सफारी को एक कॉरिडोर के रूप में विकसित किया जा सकता है। जिले के भीतर भी प्रमुख पर्यटन स्थलों को चिन्हांकित कर उनके लिए कॉरिडोर विकसित करने की संभावनाओं पर कार्य किया जाए। कमिश्नर ने यह भी कहा कि पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देते समय स्थानीय रोजगार को भी प्राथमिकता दी जाए तथा स्थानीय लोगों को आवश्यक कौशल प्रदान कर उन्हें पर्यटन गतिविधियों से जोड़ा जाए।

विधायक धौहनी कुंवर सिंह टेकाम ने कहा कि क्षेत्र में पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं। इसके लिए कनेक्टिविटी बढ़ाना और व्यापक प्रचार-प्रसार आवश्यक है। उन्होंने क्षेत्र में होम स्टे को बढ़ावा देने पर बल दिया ताकि स्थानीय लोगों को रोजगार मिल सके। साथ ही उन्होंने संजय दुबरी टाइगर रिजर्व का नाम मोहन टाइगर रिजर्व करने का प्रस्ताव भेजने की बात कही। विधायक ने देवरी बांध, बरचर बांध और गुलाब सागर में वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियों को बढ़ावा देने का सुझाव भी दिया।

**बड़का डोल बफर क्षेत्र में नाइट सफारी प्रारंभ होगी:** क्षेत्र संचालक अमित कुमार दुबे ने संजय टाइगर रिजर्व की पर्यटन संभावनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि यहां पर्यटकों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। वर्ष 2023-24 में 6,400 से बढ़कर वर्ष 2024-25 में 9,120 पर्यटक यहां भ्रमण करने आए। उन्होंने बताया कि संजय टाइगर रिजर्व में पर्यटकों को बाघ दिखने का प्रतिशत 70 से अधिक है, जो प्रदेश में सर्वाधिक है। इस वर्ष से बड़का डोल बफर क्षेत्र में नाइट सफारी प्रारंभ होगी तथा बड़का डोल कोर के साथ-साथ नेबुहा कोर में भी टाइगर सफारी शुरू की जाएगी।

बैठक में समिति के सदस्य चंद्रमोहन गुप्ता, संतोष सिंह, डॉ. कैलाश तिवारी, राजेंद्र प्रसाद द्विवेदी (प्रबंधक परिसिली रिसॉर्ट), सरपंच दुबरी रानी सिंह और डॉ. अभय सेंगर (वन्यप्राणी चिकित्सा अधिकारी) ने भी महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। बैठक में उपखंड अधिकारी जयसिंह नगर काजोल सिंह (आईएएस), उपखंड अधिकारी मझौली आर.पी. त्रिपाठी, डिप्टी कलेक्टर प्रियल सिंह राठौर, एसडीओ फारेस्ट बादशाह रावत सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## मझौली में संकुल स्तरीय संगठनों की वार्षिक आम सभा का आयोजन

**मीडिया ऑडीटर, सीधी ( निप्र )।** मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के गठित स्व सहायता समूह के अंतर्गत संकुल स्तरीय संगठनों की आम सभा का आयोजन विकासखंड मझौली के सामुदायिक भवन में किया गया। कार्यक्रम में विधायक धौहनी कुंवर सिंह टेकाम, जनपद सदस्य उमा सिंह, वरिष्ठ समाजसेवी प्रवीण तिवारी, अखिलेश जायसवाल के साथ-साथ अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीधी धनंजय मिश्रा, लीड बैंक प्रबंधक अवध बिहारी चौधरी एवं ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला परियोजना प्रबंधक पुष्पेंद्र सिंह की उपस्थिति रही।

विधायक टेकाम ने स्व सहायता समूह द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की और उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में गुलाब सागर संकुल स्तरीय संगठन की आम सभा संपन्न हुई। लेखपाल सेवती कुशवाहा द्वारा वार्षिक आरबीआई रिपोर्ट पढ़ी गई और वार्षिक स्तर पर होने वाली गतिविधियों की संकुल स्तर पर कार्ययोजना बनाई गई। लीड बैंक प्रबंधक ने वित्तीय साक्षरता के अंतर्गत जीवन ज्योति बीमा योजना, जीवन सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना की जानकारी प्रदान की। संपूर्ण कार्यक्रम के अंत में आजीविका मिशन द्वारा संपादित गतिविधियों की जानकारी जिला परियोजना प्रबंधक पुष्पेंद्र सिंह ने दी। कार्यक्रम का सफल संचालन विकासखंड प्रबंधक चंद्रकांत सिंह ने किया।

इस अवसर पर सहायक विकासखण्ड प्रबंधक संजीव सिंह, अरुण गौतम, भरत सोनी, सुंदर लाल तिवारी, स्वदीप सिंह, युवा सलाहकार उज्जवल आनंद, कार्यालय सहायक सुनील यादव सहित सभी ग्राम संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## अवैध खनन पर कार्रवाई, 40 लाख के 6 वाहन जब्त; मुरूम और रेत का कर रहे थे परिवहन



**मीडिया ऑडीटर, शहडोल ( निप्र )।** पुलिस और खनिज विभाग ने संयुक्त रूप से अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई की है। टीम ने कुछ घंटों में छह वाहनों को जब्त किया है। सोहागपुर थाना क्षेत्र के मैकी गांव से तीन मिनी ट्रक मुरूम का अवैध परिवहन करते पकड़े गए। वाहन चालकों के पास वैध दस्तावेज नहीं मिले। जप्त वाहनों की कीमत 40 लाख रुपये से अधिक है।


इसी कार्रवाई में सोहागपुर पुलिस ने नरवार मार्ग से एक मिनी ट्रक को रेत का अवैध परिवहन करते हुए पकड़ा। देवलौंद पुलिस ने भी दो ट्रैक्टर-ट्राली को रेत का अवैध परिवहन करते जप्त किया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक राम जी श्रीवास्तव के निर्देश में की गई। खनिज विभाग को मुखबिर से सूचना मिली थी कि मैकी गांव के पास एक सुनसान जगह से अवैध खनन हो रहा है। इस सूचना पर संयुक्त टीम ने छापामार कार्रवाई की।

# बस से उतारकर चार लोगों ने महिला से किया रेप

## ब्यौहारी-शहडोल मार्ग पर स्थित पुल के पास हादसा, पहले भी पीड़िता ने दर्ज कराई शिकायत

**मीडिया ऑडीटर, शहडोल ( निप्र )।** जिले के ब्यौहारी क्षेत्र में एक महिला के साथ रेप का मामला सामने आया है। घटना मंगलवार की है। पीड़िता ने अपने पूर्व प्रेमी और उसके तीन साथियों पर बस से उतारकर रेप करने का आरोप लगाया है। ब्यौहारी पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

सीधी जिले की रहने वाली पीड़िता का ब्यौहारी के रामायण नाम के व्यक्ति से प्रेम संबंध था। दोनों ने 2023 में मंदिर में विवाह किया था। कुछ समय बाद रामायण ने महिला के साथ रहने से मना कर दिया। इस पर महिला ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। शहडोल पुलिस ने रामायण के खिलाफ शादी का झांसा देकर रेप का केस दर्ज किया था।



**दो साल पहले भी इसके खिलाफ मामला दर्ज:** अब दो साल बाद पीड़िता ने एक और शिकायत दर्ज कराई है। महिला का कहना है कि मंगलवार को ब्यौहारी-शहडोल मार्ग पर स्थित पुल के पास रामायण और उसके तीन साथी बिल्लू, झल्लू और भूपेंद्र उसे बस से उतारकर ले गए। पुल के पास उन्होंने रेप किया।

पुलिस के अनुसार मामला कुछ संदेहास्पद प्रतीत हो रहा है। पहले भी पीड़िता ने इसी आरोपी के खिलाफ रेप की शिकायत की थी। शहडोल एस्क अभिषेक दिवान ने बताया कि महिला की शिकायत पर चारों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस साक्ष्यों और परिस्थितियों की जांच कर रही है।

### 10 साल की छात्रा से रेप की कोशिश, शिकायत दर्ज

**शहडोल।** जिले में ब्यौहारी थाना क्षेत्र में कक्षा पांचवी की छात्रा के साथ एक व्यक्ति ने अश्लील हरकतें की। आरोपी स्कूल के पास रहता था और छात्रा को रोज पैसों का लालच देकर गलत काम करता था। मामला तब सामने आया जब छात्रा ने स्कूल जाने से मना कर दिया। परिजनों के पूछने पर उसने पूरी घटना बताई। पीड़िता के परिवार ने ब्यौहारी थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। शहडोल के एएसपी अभिषेक दिवान के अनुसार पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने के लिए विशेष टीम गठित की गई है।

## नवरात्र के तीसरे दिन एक घंटे की तेज बारिश, वर्षा से धान की फसलों को मिला लाभ; किसानों को मिली राहत



**मीडिया ऑडीटर, सीधी ( निप्र )।** जिले में नवरात्रि के तीसरे दिन हुई बारिश ने किसानों को बड़ी राहत दी है। रामपुर नैकिन, चुरहट, मझौली और गोपदबनास तहसीलों में करीब एक घंटे तक रिमझिम और तेज बारिश हुई। बारिश से तापमान में भारी गिरावट आई है। पिछले 15 दिनों से 30-35 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा तापमान अब 15-17 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया है। इससे वातावरण में ठंडक छा गई है। कृषि वैज्ञानिक धनंजय सिंह के अनुसार, धान की फसल इस समय पकने की स्थिति में है। दानों को भरने के लिए पानी बेहद जरूरी था। बारिश न होने से फसल के सूखने का खतरा था। उन्होंने बताया कि अब फसल तेजी से पकेगी। हालांकि, फसल को पूरा लाभ मिलने के लिए और बारिश की जरूरत है। किसान रामसुख यादव ने बताया कि बाणसागर नहर और अन्य नहरों का पानी नहीं मिलने से वे चिंतित थे। फसल सूखने की कगार पर थी। यह बारिश राहत लेकर आई है, लेकिन अभी और पानी की आवश्यकता है।

## पीट-पीटकर पत्नी की हत्या की, पति ने पूछा- मोबाइल पर किससे बात कर रही हो; जवाब नहीं देने पर मार डाला

**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली ( निप्र )।** जिले के चितरंगी थाना क्षेत्र के धानी गांव में पति



ने अपनी पत्नी की पिटाई कर दी, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना बुधवार दोपहर करीब 2 बजे की है। चितरंगी थाना प्रभारी सुदेश तिवारी के अनुसार, आरोपी देव केवट ने अपनी 23 साल की पत्नी कुसुम केवट से नाराज था। बताया गया कि महिला किसी व्यक्ति से मोबाइल पर बात कर रही थी। पति देव केवट ने उसे देख लिया और पूछताछ की किससे बात कर रही हो। जब महिला ने फोन पर बात करने वाले व्यक्ति के बारे में जानकारी देने से मना कर दिया, तो दोनों में विवाद शुरू हो गया। इसी दौरान आरोपी ने पत्नी की पिटाई कर दी।

**दो साल पहले दोनों की शादी हुई थी:** महिला के शव को देखकर ये लग रहा है कि वो गर्भवती है। हालांकि इसकी पुष्टि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में होगी मृतक शारीरिक रूप से पहले से ही कमजोर थी। उसका एक एक साल का बच्चा भी है। महिला देवसर क्षेत्र की रहने वाली थी और उसकी शादी दो साल पहले देव केवट के साथ हुई थी। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। आरोपी पति फरार है और पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। थाना प्रभारी ने बताया कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### बैंक कर्मचारी से रिश्वत लेते वीडियो, लोन पास कराने के लिए मांगे पैसे; कलेक्टर ने दिए जांच के आदेश



**सिंगरौली।** जिले के माडा स्थित यूनियन बैंक में कर्मचारी का रिश्वत लेते हुए वीडियो सामने आया है। वीडियो में एक व्यक्ति बैंक कर्मचारी को पैसे गिनकर देता दिख रहा है। शिकायतकर्ता रणधीर सिंह ने कलेक्टर को लिखित शिकायत दी है। उन्होंने बताया कि लक्ष्मण नाम का बैंक कर्मचारी लोन पास करवाने के लिए रिश्वत मांग रहा था। लीड बैंक मैनेजर रंजीत कुमार ने अपने कर्मचारी की पहचान करने से इनकार कर दिया है। कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला ने मामले की जांच के लिए टीम गठित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी बैंक का कर्मचारी हितग्राहियों से रिश्वत लेकर परेशान करता है, तो उसे बख्शा नहीं जाएगा। वीडियो के आधार पर कर्मचारी की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफएक्सीलेंस में सेवा पखवाड़ा अभियान अंतर्गत लघु एवं कुटीर उद्योग पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**मीडिया ऑडीटर, सीधी ( निप्र )।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, संजय गांधी स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी में मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 तक सेवा पखवाड़ा अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में प्राचार्य डॉ. पी.के. सिंह के कुशल निर्देशन में लघु एवं कुटीर उद्योगों के प्रति जागरूकता विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि हमें लघु एवं कुटीर उद्योगों के महत्व को समझना होगा। यह न केवल रोजगार के अवसर उपलब्ध कराते हैं बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें युवाओं को प्रोत्साहित करती हैं कि वे अपनी भविष्य योजना बनाकर इस दिशा में आगे बढ़ें और शासन की योजनाओं का लाभ उठाएँ।



उन्होंने यह भी कहा कि दीपावली जैसे त्यौहारों पर अक्सर लोग चाइनीज उत्पादों की ओर आकर्षित होते हैं, जो न केवल नुकसानदायक हैं बल्कि हमारी अर्थव्यवस्था को भी कमजोर करते हैं। इसलिए हमें अपने देश एवं प्रदेश के कुटीर उद्योगों द्वारा निर्मित उत्पादों को प्राथमिकता देनी चाहिए।

डॉ. उमेश सोनी ने ग्रामीण व्यवस्थाओं का उदाहरण देते हुए लघु एवं कुटीर उद्योगों के संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। वहीं डॉ. उमाकांत साहू ने शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए इनके संरक्षण और विकास के उपाय बताए।

कार्यक्रम का संयोजन डॉ. दिवाकर सिंह द्वारा किया गया तथा संचालन डॉ. कोमल पाण्डेय ने किया। डॉ. विभा सिंह कुशवाहा ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में डॉ. विनोद साकेत, डॉ. रविंद्र सिंह, डॉ. दिलीप सोनी, डॉ. अंकिता सोनी, डॉ. आशुतोष पाण्डेय, डॉ. अनीता द्विवेदी, डॉ. नुसरत खान, डॉ. श्वेता सिंह, डॉ. वीणा सिंह, रामानुज पटेल एवं श्रेया शर्मा का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता दर्ज की और लाभान्वित हुए।

## मोटरयान कर बकाया के कारण परिवहन विभाग ने तीन वाहनों को जब्त किया

**मीडिया ऑडीटर, सीधी ( निप्र )।** मध्य प्रदेश के रीवा जिले में परिवहन विभाग ने मोटरयान कर के बकायेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। परिवहन विभाग की टीम ने बुधवार को चलाए गए विशेष चेकिंग अभियान के दौरान तीन वाहनों को जब्त कर लिया। इन वाहनों पर कुल लगभग 5.50 लाख रुपये का मोटरयान कर बकाया है।

यह कार्रवाई वाहन मालिकों को समय पर टैक्स जमा करने की चेतावनी के रूप में देखी जा रही है। परिवहन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, जब्त किए गए वाहनों में दो ट्रक और एक माइंस में चलने वाला लोडिंग वाहन शामिल हैं। इनमें से एक वाहन बिना पंजीकरण है, जिस पर अकेले ही पंजीकरण के रूप में 5 लाख रुपये का मोटरयान कर विभाग को प्राप्त होगा।

टीम ने वाहनों को स्थानीय थाने और परिवहन कार्यालय में खड़ा करा दिया है और मालिकों को तत्काल मोटरयान कर जमा करने के लिए कहा गया है। रीवा के क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) ने बताया कि हाल के सड़क सुरक्षा को विधिवत बनाने के लिए विभाग द्वारा वाहनों की सघन जांच की जा रही है।

इस अभियान में कुल 76 वाहनों की जांच की गई, जिसमें अन्य उल्लंघनों पर भी 25 हजार रुपये का चालान काटा गया। आरटीओ ने अपील की है कि सभी वाहन मालिक वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए अपना मोटरयान कर समय पर जमा करें, अन्यथा ऐसी कार्रवाइयां जारी रहेंगी।

# हाथी महोत्सव 2025 का शुभारंभ, संजय टाइगर रिजर्व में 7 दिवसीय हाथी रिजुवनेशन कैंप

**मीडिया ऑडीटर, सीधी ( निप्र )।** हाथी महोत्सव 2025 का भव्य आयोजन 23 सितम्बर से 29 सितम्बर तक खैरीझील हाथी कैम्प परिसर में किया जा रहा है। महोत्सव का शुभारंभ विधायक कुंवर सिंह टेकाम द्वारा हाथियों की पूजा एवं फल अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र संचालक संजय टाइगर रिजर्व अमित कुमार दुबे, उप संचालक राजेश कन्ना, सहायक संचालक सीधी सुधीर मिश्रा, अधीक्षक सोन घड़ियाल प्रमोद सिंह, वन्यप्राणी स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अभय सेंगर, परिक्षेत्र अधिकारी एवं वन अमला उपस्थित रहे।

विधायक कुंवर सिंह टेकाम ने अपने उद्बोधन में वन्यप्राणी संरक्षण हेतु टाइगर रिजर्व प्रबंधन के प्रयासों की सराहना




की और मानव-वन्यप्राणी सहजीविता पर बल दिया। उन्होंने महावतों एवं चारा कटरों को टॉर्च, मच्छरदानी एवं बैग वितरित किए। अमित कुमार दुबे ने कार्यक्रम की रूपरेखा एवं कैंप के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हाथियों के स्वास्थ्य संवर्धन और देखभाल के लिए यह आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है।

सप्ताहभर चलने वाले इस आयोजन में हाथी बापू, भरत, चित्रा और शांभवी सम्मिलित हैं। इस दौरान हाथियों को नियमित आहार के साथ केला, सेव, पपीता, गन्ना, नारियल आदि विशेष फल खिलाए जाएंगे। हाथियों की टस्क ट्रिमिंग, नाखून काटना, नीम तेल से पैरों की मालिश तथा स्वास्थ्य परीक्षण जबलपुर के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा किया जाएगा। रक्त के नमूने भी लिए जाएंगे। महावतों एवं चारा कटरों का भी स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा तथा परिचर्चा एवं खेल-कूद कार्यक्रम आयोजित होंगे। पूरे कैंप के दौरान हाथियों को किसी भी कार्य से पूर्णतः मुक्त रखा जाएगा। समापन 29 सितम्बर को होगा।

इस महोत्सव की प्रमुख विशेषताओं में हाथियों का संपूर्ण चिकित्सकीय परीक्षण, पैरों और दाँतों की देखभाल, खनिजों से युक्त आहार एवं पारंपरिक भोज्य पदार्थों की उपलब्धता, कीचड़ स्नान एवं जलक्रीड़ा जैसी मनोरंजन गतिविधियाँ, महावतों के लिए प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम तथा पर्यटन सहभागिता शामिल है। आगंतुकों को हाथियों की देखभाल की प्रक्रिया को नजदीक से समझने और अनुभव करने का अवसर भी मिलेगा।

यह आयोजन हाथियों के संरक्षण एवं सेवा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने, सांस्कृतिक विरासत में उनके महत्व को रेखांकित करने तथा संरक्षण के प्रति सामूहिक उत्तरदायित्व की भावना जगाने का एक संवेदनशील प्रयास है। जन प्रतिनिधियों, अधिकारियों, मीडिया प्रतिनिधियों, प्रबुद्ध नागरिकों, वन्यजीव प्रेमियों, पर्यटकों एवं स्थानीय समुदाय की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु संजय दुबरी टाइगर रिजर्व प्रबंधन द्वारा व्यापक प्रबंध किए गए हैं।

## पूज्यपाद संत आशाराम बापू का 62वॉ आत्मसाक्षात्कार



**मीडिया ऑडीटर, सीधी ( निप्र )।** पूज्यपाद संत आशाराम बापू अहमदाबाद द्वारा संचालित श्री योग वेदान्त सेवा समिति के संरक्षक बंशीधर वाधवानी ने बताया कि पूज्यपाद संत आशाराम बापू का 60वॉ आत्मसाक्षात्कार दिवस 23 सितम्बर, मंगलवार को सत्संग भवन, सिंधी धर्मषाला शास्त्री नगर, अमहिया में 12 बजे दिन संकीर्तन यात्रा शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुये व हेमू कालाणी चौक में प्रसाद वितरण का कार्यक्रम देर शाम तक चलता रहा एवं सम्पन्न हुआ। पूज्यपाद संत आशाराम बापू ने वीडियों सत्संग में बताया कि जिससे तुम्हारी उन्नति हो वह है स्वधर्म। 'स्व' तुम हो, तुम मतलब यह हाड़ मांस का पंचभौतिक शरीर नहीं, मन, बुद्धि, अहंकार नहीं, इन सबको जो जानता है वह तुम्हारा 'स्व' है।

## संपादकीय

# 'विकसित भारत' नहीं बन सकता

बेशक जीएसटी सुधार एक अच्छा फैसला है, लेकिन ऐसी रियायतों के जरिए ही भारत 2047 में 'विकसित राष्ट्र' नहीं बन सकता। उसके लिए आर्थिक विकास दर कमोबेश 8-10 फीसदी होना अनिवार्य है। फिलहाल तो अंतरराष्ट्रीय एजेंसियां 6.5 से 6.9 फीसदी के आकलन कर रही हैं। हम अभी बहुत दूर हैं। जीएसटी के अलावा, कानून, श्रम, भूमि, न्याय आदि कई क्षेत्रों में सुधार अनिवार्य और अपेक्षित हैं। भूमि की उपलब्धता और समानता का सुधार भी बेहद जरूरी है। किसान को सिर्फ ट्रैक्टर, थ्रेशर, सिंचाई मशीन ही नहीं चाहिए, बल्कि आर्थिक तौर पर समानता भी चाहिए। कमोबेश उसे फसलों की वांछित कीमत तो मिले। वह कर्ज के काले यथार्थ से बाहर निकल सके। 'किसान सम्मान राशि' तो 'ऊंट के मुंह में जीरा' है। यह सम्मान नहीं, खैरात है। किसान की फसलें बेहतर दाम पर बिक सकें, सरकार को यह बंदोबस्त करना ही होगा। अलबत्ता 'विकसित भारत' एक नारा, एक सपना बनकर रह जाएगा। आम आदमी इस दृष्टि से भी अपनी स्थितियों के आकलन करे। यह भी घोर, कटु सच्चाई है कि आज भी 81 करोड़ से अधिक भारतीय मुफ्त के अनाज के भरोसे हैं। आज भी सरकारी आंकड़ा मानें, तो 15-20 करोड़ भारतीय 'गरीबी रेखा' के तले जीने को अभिशप्त हैं। आज भी करीब 85 फीसदी किसान औसत स्तर पर हैं। उनके पास या तो 2-4 हेक्टेयर भूमि है अथवा वे दूसरे की जमीन पर खेती करने को विवश हैं। देश के जीडीपी में कृषि का योगदान बढना चाहिए। याद रहे कि कोरोना महामारी के दौरान भी कृषि की विकास दर 3 फीसदी से ज्यादा थी। देश ऐसे आत्मनिर्भर नहीं बन सकता कि वस्तुएं 2, 4, 10 रुपए सस्ती कर दी जाएं। देश का नागरिक कार, घर तभी खरीदने की सोच सकता है, जब उसके पास अतिरिक्त संसाधन होंगे। अभी तो आम आदमी रोजी-रोटी के लिए संघर्ष कर रहा है। देश के मात्र 4 फीसदी लोगों की औसत आय 50,000 रुपए माहवार है। हम देश के 1 फीसदी धन्नासेठों की न तो बात कर रहे हैं और न ही हमारे विषय के पात्र मान रहे हैं।

बहरहाल जीएसटी सुधार आम आदमी के लिए बड़ी राहत हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने आत्मनिर्भरता के साथ-साथ 'स्वदेशी' का भी आह्वान किया है। 'स्वदेशी' आरएसएस का सैद्धांतिक मुद्दा रहा है। 'स्वदेशी जागरण मंच' उसका सहयोगी संगठन है। केंद्र में अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के दौरान भी 'स्वदेशी' के नारे खूब गूंजते थे, लेकिन तब भी उन आर्थिक सुधारों को स्वीकार कर उनकी निरंतरता बरकरार रखनी पड़ी, जिनका सूत्रपात पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव और उनके वित्त मंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने किया था। भारत ने भूमंडलीकरण और उदारीकरण को स्वीकार करते हुए शेष विश्व के लिए दरवाजे खोले थे, नतीजतन बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने भारत में प्रवेश बढ़ाना शुरू किया था। उस दौर के बाद ही भारत की अर्थव्यवस्था में विस्तार हुआ और आज हम चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। सिर्फ 'स्वदेशी' के जरिए ही 146 करोड़ से अधिक की आबादी की जरूरतों को पूरा नहीं किया जा सकता। भारत मैन्यूफैक्चरिंग और आपूर्ति का गढ़ नहीं है। भारत में 'एप्पल' और 'सैमसंग' सरीखे विदेशी मोबाइल फोन की हम 'एसेंबलिंग' करते हैं, लेकिन दावा करते रहे हैं कि हम विश्व में दूसरे सबसे बड़े निर्माता और उत्पादक हैं। विश्व-बाजार में भारतीय ब्रॉन्ड का कौनसा मोबाइल फोन धड़ाधड़ बिक रहा है, जरा प्रधानमंत्री हमें भी बता दें। हकीकत यह है कि हमारे देश में कच्चे माल पर 18 फीसदी जीएसटी है और बने हुए सामान पर अब 5 फीसदी जीएसटी का भुगतान करना पड़ेगा। क्या गजब का विरोधाभास है? भारत में 'चिप्स' और एक अच्छी कमीज से लेकर कच्चा माल, कारें और विमान तक 'विदेशी' हैं।

# जातिवाद पर प्रतिबंध योगी सरकार का ऐतिहासिक कदम

**ललित गर्ग**



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में एक ऐतिहासिक और साहसिक कदम उठाया है। उन्होंने समाज में जाति आधारित विद्वेष को ही नहीं बल्कि विभेद को भी समाप्त करने की आवश्यकता को महसूस करते हुए सद्भाव के साथ सबके विकास को बल देने का सूझबूझभरा फैसला लिया है। इस फैसले के अन्तर्गत उन्होंने जाति-आधारित रैलियों, सार्वजनिक प्रदर्शनों और पुलिस रिकॉर्ड में जाति संबंधी उल्लेखों पर रोक लगा दी है। यह निर्णय इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश के बाद लिया गया, लेकिन इसका वास्तविक महत्व इससे कहीं अधिक है। यह केवल एक प्रशासनिक पहल नहीं बल्कि समाज को जातिगत बंधनों से मुक्त करने की दिशा में क्रांतिकारी प्रयास है। राजनीतिक दलों ने जाति आधारित वोटों को लुभाने एवं राजनीतिक स्वार्थ की रोटियां सेंकने के लिये समाज को बांटा है। यह गौर करने की बात है कि जाति आधारित संगठनों और रैलियों की बाढ़ आ गई है, जिससे एक-एक जाति के अनेक संगठन बने और इन जातिगत संगठनों ने सड़कों पर उतर कर न केवल सार्वजनिक व्यवस्था, इंसान-इंसान के बीच दूरियां-विद्वेष बढ़ा दिया बल्कि राष्ट्रीय एकता को भी क्षत-विक्षत कर दिया।

भारतीय समाज में जातिवाद की जड़ें गहरी हैं। जाति व्यवस्था ने कभी सामाजिक पहचान और श्रम विभाजन का आधार बनकर काम किया, लेकिन समय के साथ यह भेदभाव, असमानता और सामाजिक विद्वेष का कारण बन गई। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा था- जातिवाद समाज की आत्मा को खोखला करता है। डॉ. भीमराव आंबेडकर ने तो इसे भारतीय प्रगति की सबसे बड़ी बाधा बताया था। दुर्भाग्य से आज़ादी के बाद भी जातिवाद ने राजनीति और समाज दोनों में गहरी पैठ बनाई और देश की एकता को कमजोर करने का काम किया। जाति-आधारित राजनीति ने सत्ता के समीकरण तो बदले लेकिन समाज को बांटने का काम किया। चुनाव के समय उम्मीदवारों का चयन जातिगत समीकरणों के आधार पर होता रहा। समाज के बंटवारे का यह खेल लोकतंत्र के स्वस्थ आदर्शों के लिए चुनौती बना। जातिगत रैलियां और प्रदर्शन सामाजिक ताने-बाने को कमजोर करते रहे। पुलिस रिकॉर्ड में जाति का उल्लेख अपराधी को अपराधी नहीं बल्कि किसी जाति का प्रतिनिधि बना देता था, जिससे कानून-व्यवस्था पर भी प्रतिकूल असर पड़ता था। इन जटिल स्थितियों में योगी सरकार का यह निर्णय विषमताओं एवं विसंगतियों को समाप्त करने की दिशा में एक नया अध्याय है। यदि इसे सख्ती और ईमानदारी से लागू किया गया तो निश्चित ही समाज में सौहार्द, भाईचारा और समानता का वातावरण बनेगा। जाति-आधारित पहचान की जगह व्यक्ति की योग्यता, आचरण और योगदान को महत्व मिलेगा।

किसी जाति के प्रति लगाव दर्शाने के लिए किसी अन्य जाति को नीचा दिखाने की भी गलत परंपरा पड़ती दिख रही है। जाति आधारित पोस्टर या प्रतीक न केवल गलियों में, मकानों पर बल्कि अपने वाहनों पर भी लगाए जा रहे हैं। ऐसे में, परस्पर भेद, ऊंच-नीच की भावना बढ़ती जा रही है। ऐसे भेद को मिटाने की मांग उठती रही है। समाज के लिए चिंतित रहने वाले लोग यही चाहते हैं कि जातिगत झंडों और पोस्टरों पर एक हद तक लगाम लगनी चाहिए, लेकिन ऐसा साहस राजनीतिक स्वार्थों के चलते अब तक किसी भी राजनेता ने नहीं दिखाया, लेकिन योगी सरकार ने यह साहस दिखाया है तो उसका स्वागत होना ही चाहिए। योगी सरकार द्वारा जारी 10 सूत्रीय दिशा-निर्देश में यह बात विशेष रूप से गौर करने लायक है कि अब जाति के नाम, नारे या स्टिकर वाले वाहनों का केंद्रीय मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के तहत चालान किया जाएगा। यहां तक कि प्रथम सूचना रिपोर्ट में भी जाति को दर्शाने से बचा जाएगा। अभी तक होता यह है कि अपराधी जाति के आधार पर अपनी पहचान बना लेते हैं और मजबूत हो जाते हैं।

यह बहुत अफसोस की बात है कि विशेष रूप से चुनाव के समय जाति आधारित बैनरों की बाढ़ आ जाती है। राजनीतिक दल एवं नेता जातिगत समीकरणों से समाज को बांटने में जुट जाते हैं। लेकिन अब यूपी सरकार की मंशा सराहनीय है और इन दिशा-निर्देशों को पूरी तरह से लागू करने की जरूरत है। वाकई समाज से अपराध को मिटाने के लिए अपराधी की जाति देखना गैर-वाजिब है। हां, यह सावधानीपूर्वक कुछ मामलों में जाति का उल्लेख करने की छूट दी गई है। जैसे, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत मामलों में जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल होता रहेगा। वाकई, कुछ मामले ऐसे होते हैं, जहां जाति की चिंता या उल्लेख जरूरी हो जाता है। यह भूलना नहीं चाहिए कि जाति आधारित भेदभाव अभी भी कई जगहों पर देखने को मिल जाता है। विशेष रूप से सोशल मीडिया पर भेदभाव की शिकायतें अक्सर आती हैं, ऐसे में, प्रशासन को ज्यादा सजग रहना पड़ेगा। निर्देश जारी हो जाना ही पर्याप्त नहीं है बल्कि जातिगत भेदभाव के बिंदुओं को खोज-खोजकर मिटाने की ईमानदार पहल भी जरूरी है। सामाजिक चिंतक विनोबा भावे कहा करते थे जाति का भेद मिटेगा तो समाज में भाईचारा और सहयोग की भावना पनपेगी। वास्तव में जातिवाद केवल सामाजिक समस्या नहीं बल्कि मानसिकता का रोग है। जब तक समाज इसे स्वीकार करता रहेगा, तब तक सच्चा विकास संभव नहीं।

योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश में एक आदर्श समाज व्यवस्था निर्मित करने के लिए प्रतिबद्ध दिखाई देते हैं। उन्होंने जातिवाद के विरुद्ध आवाज ही नहीं उठाई, अपने राजनीतिक जीवन के अनेक उदाहरणों से समाज को सक्रिय प्रशिक्षण भी दिया। वे समता के पोषक हैं, इसलिये उन्होंने पूरी शक्ति के साथ जाति के दंश, प्रथा एवं विसंगति पर प्रहार कर मानवीय एकता का स्वर प्रखर किया। उनके शासन की सबसे बड़ी विशेषता यह रही है कि उन्होंने कानून-व्यवस्था को प्राथमिकता दी, जिससे राज्य में अपराध और अराजकता पर काफी हद तक नियंत्रण पाया गया। सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास की नीति पर चलते हुए उन्होंने गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं लागू कीं। बुनियादी ढांचे के विकास, धार्मिक स्थलों के पुनरोद्धार, निवेश को आकर्षित करने और रोजगार सृजन में भी उनके प्रयास उल्लेखनीय हैं। उनकी सकारात्मक सोच का ही परिणाम है कि उत्तर प्रदेश आज तेजी से विकासशील राज्यों में गिना जाने लगा है और जातिवाद, भ्रष्टाचार और असुरक्षा की छवि से बाहर निकलकर एक नए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है। उनकी ताजा पहल समाज को बताती है कि नई पीढ़ी को जाति नहीं, योग्यता और नैतिकता के आधार पर आगे बढ़ना चाहिए। यह निर्णय राजनीतिक दलों के लिए भी चेतावनी है कि उन्हें जातिगत समीकरणों की राजनीति छोड़कर राष्ट्रहित और जनहित की राजनीति करनी होगी।

जाति, रंग, भाषा आदि के मद से सामाजिक एवं राजनीतिक विक्षोभ पैदा होता है, इसीलिये यह पाप की परम्परा को बढ़ाने वाला पाप है। इसके कारण राष्ट्रीयता को भूल कर जातिगत संकीर्णताओं को लोग आगे बढ़ाते रहे हैं, एक जाति के लोग मजबूत होने के बाद वे अपनी जाति को लाभ पहुंचाने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार रहते हैं। यह धारणा भी बढती रही है कि सबको अपनी जाति की चिंता करनी चाहिए। यह भ्रांति भी फैल रही है कि अपनी जाति के लोग या अधिकारी या नेता ही अपनी जाति के समुदाय या लोगों की मुसीबत में साथ खड़े होते हैं। ऐसी तमाम सामाजिक व प्रशासनिक खामियों एवं विडम्बनाओं से उबरने की जरूरत योगी सरकार ने महसूस की है। अन्यायी के खिलाफ बिना जाति देखे खड़ा होना चाहिए। संविधान की भी मंशा यही है कि हर नागरिक को अपने समाज की ताकत बनकर आगे बढ़ना चाहिए और ध्यान रहे, यह समाज मात्र एक जाति आधारित न रहे। हर जाति महत्वपूर्ण है और सबका विकास हो, पर जाति आधारित लगाव या राजनीति का दिखावा खत्म होना चाहिए। योगी आदित्यनाथ सरकार का यह कदम भारतीय समाज को जातिवाद की जंजीरों से मुक्त कराने का बड़ा अवसर है। यह केवल उत्तर प्रदेश ही नहीं, पूरे देश के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण बन सकता है। अब आवश्यकता है कि अन्य राज्य भी इसे अपनाएं और भारत को सच्चे अर्थों में समानता, न्याय और बंधुत्व की धरती बनाएं।

## आज का इतिहास

1340 - इंग्लैंड और फ्रांस ने निरस्त्रीकरण संधि पर हस्ताक्षर किये।
1524 - वास्कोडिगामा आखिरी बार वायसराय बनकर भारत आए।
1639 - अमेरिका में पहली प्रिंटिंग प्रेस की शुरुआत।
1654 - इंग्लैंड और डेनमार्क ने व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किये।
1846 - अमेरिकी सेना ने मेक्सिको के मोंटेरी पर क़ब्ज़ा किया।
1897 - ब्रिटेन में पहली बस सेवा की शुरूआत हुई।
1911 - फ्रांसीसी युद्धपोत लिब्रीटे में टूलॉन हार्बर पर विस्फोट से 285 लोगों की मौत।
1981 - मध्य अमेरिकी देश बेलीज संयुक्त राष्ट्र में शामिल हुआ।
1999 - आठवें सैफ खेलों का काठमांडू में उद्घाटन।
2000 - यमन में रिफ्ट वैली बुखार से 211 लोग मरे, सिडनी ओलम्पिक में 400 मीटर दौड़ का स्वर्ण पदक माइकल जॉनसन तथा केथीफ़्रीमेन ने जीता।
2001 - सऊदी अरब ने तालिबान मिलिशिया से संबंध तोड़ा।
2003 - गयूम ने मालदीव के राष्ट्रपति का चुनाव छठी बार जीता।
2006 - पाकिस्तान के 60 वर्ष के इतिहास में पहली बार सिंध के थारपाकर ज़िले के निवासी हिन्दू युवक दानेश को पाक सेना में शामिल किया गया। यमन के निवर्तमान राष्ट्रपति अली अब्दुल्ला सालेह एक बार फिर देश के राष्ट्रपति निर्वाचित घोषित। अंतरिक्ष की सैर पर निकली ईरान की पहली महिला अनुशेह अंसारी ने देश के इतिहास में नया अध्याय रचा। दलाई लामा को भारतीय नागरिकता देने की मांग।
2007 - पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा के नेतृ?व वाली नेपाली कांग्रेस (डेमोक्रेटिक) पार्टी का कांग्रेस में विलय हुआ।
2008 - चीन ने अंतरिक्ष यान 'शेंझो 7' का प्रक्षेपण किया।
2009 - भारतीय प्रवर्तन निदेशालय ने लगभग पाँच हज़ार करोड़ रुपये के हवाला नेटवर्क का भण्डाफोड़ किया।

25 सितंबर को जन्मे व्यक्ति

1969 - ब्रात्य बसु - भारतीय अभिनेता, मंच निर्देशक, नाटककार, फ़िल्म निर्देशक, प्रोफ़ेसर और राजनीतिज्ञ हैं।
1960 - अजय कुमार मिश्रा - भारतीय जनता पार्टी के राजनीतिज्ञ, 16वीं लोकसभा में राजनेता और संसद सदस्य हैं।

# स्कूलों में तार-तार होते गुरु-शिष्य रिश्ते

**हिमाचल प्रदेश के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों द्वारा छात्राओं के साथ छेड़छाड़ की वारदातें, सरकारी स्कूलों की छवि को खराब कर रही हैं और गुरु-शिष्य के रिश्ते को तार-तार कर रही हैं। यह एक चिंतनीय विषय है। शिक्षा विभाग को आरोपितों के प्रति समयबद्ध और कठोरतम कार्रवाई करनी चाहिए। इन केसों में न्याय में देरी नहीं होनी चाहिए ..**

**सत्यपाल वशिष्ठ**



भारत प्राचीन काल से ही उच्च नैतिक मूल्यों और अहिंसा के लिए विश्व विख्यात है। यहां नैतिक मूल्यों को बहुत महत्व दिया जाता है। परंतु आज इनसान नैतिक मूल्यों को भूलकर अनैतिक क्रियाकलापों में लगा हुआ है और पवित्र रिश्तों को भी तार-तार कर रहा है। वर्तमान में अनैतिक कार्यों के लिए सख्त से सख्त कानून तथा सजा का प्रावधान होने के बावजूद अनैतिक कार्यों में इजाफा ही हो रहा है। इसके लिए कठोरतम सजा के साथ-साथ समाज में नैतिक शिक्षा को बढ़ावा देने की सख्त आवश्यकता है, क्योंकि ये सब घटनाएं विकृत मानसिकता से ग्रसित लोग ही अंजाम देते हैं। आज समूचे देश में बहुत-से शैक्षणिक संस्थानों के शिक्षकों द्वारा अपने ही शैक्षणिक संस्थानों की बच्चियों का यौन उत्पीडऩ किए जाने के मामले दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं। देवभूमि हिमाचल प्रदेश के सरकारी स्कूलों को ही लें। इनमें भी ये घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। हाल ही में हिमाचल प्रदेश सरकार ने शिक्षा क्षेत्र में गुणात्मक सुधार कर राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण 2025 में अपनी रैंकिंग को 21वें स्थान से 5वें स्थान पर लाने में कामयाबी प्राप्त की है। उसके बाद पूर्ण साक्षर राज्य बनने के साथ शीर्ष पर पहुंच गया है।

इसके लिए वर्तमान सरकार और विशेषकर शिक्षा मंत्री बधाई के पात्र हैं। परंतु हिमाचल सरकारी शिक्षा संस्थानों में शिक्षकों द्वारा छात्राओं से अवांछित स्पर्श और यौन उत्पीडऩ की घटनाओं पर अंकुश लगाने में पिछड़ गया है। सरकार को इस समस्या से निपटने के लिए कड़े कदम उठाने चाहिए। हिमाचल प्रदेश के सरकारी शिक्षा संस्थानों में छात्राओं से अवांछित स्पर्श और यौन उत्पीडऩ की न जाने कितनी घटनाएं पूर्व में हुई हैं और वर्तमान में हो रही हैं। इनमें से बहुत सी घटनाएं तो प्रकाश में नहीं आती। कुछ मामले तो बच्चियों और उनके अभिभावकों ने, रिपोर्ट करने की हिम्मत की है। परंतु बहुत से मामलों को विभागीय रसूख से रफा-दफा कर दिया जाता जो विकृत मानसिकता वाले शिक्षकों को और ऐसी वारदातें करने को प्रोत्साहित करता है। ऐसे शिक्षकों पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए ताकि दूसरे शिक्षक भी ऐसा कार्य न करें। हाल ही में विभिन्न समाचारपत्रों में प्रकाशित हुई छात्रा यौन उत्पीडऩ की वारदातों में से मात्र कुछ एक को यहां वर्णित किया जा रहा है। इन वारदातों से पता चल रहा है कि आज पश्चिमी संस्कृति के दौर में गुरु-शिष्य के रिश्ते की मर्यादा को तार-तार किया जा रहा है। 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान खोखला सिद्ध हो रहा है क्योंकि बेटियां शिक्षण संस्थानों में उनके गुरुओं के पास सुरक्षित नहीं हैं। शिक्षकों को बच्चों से कहीं ज्यादा नैतिक शिक्षा प्रदान करने की आवश्यकता है। कुनिहार के नजदीक प्राथमिक स्कूल में एक अध्यापक स्कूल की छोटी-छोटी पांच बच्चियों के साथ अश्लील हरकतें करता था। बच्चियां स्कूल जाने से कतराती थीं। अभिभावकों के पूछने पर बच्चियों ने अध्यापक की हरकतों के बारे में बताया। अभिभावकों ने इसकी रिपोर्ट पुलिस में की। अध्यापक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और जांच कर रही है। 22 जून 2025 को सिरमौर जिला के राजगढ़ क्षेत्र के एक स्कूल की आठवीं से दसवीं कक्षा की 24 छात्राओं ने स्कूल के टीजीटी शिक्षक, जो गणित पढ़ाता है, पर छेड़छाड़ व अनुचित व्यवहार करने की लिखित शिकायत स्कूल प्रधानाचार्य को दी। लड़कियों ने डर के कारण अपने माता-पिता को नहीं बताया था। अभिभावकों को तब पता चला जब स्कूल बुलाए गए। लड़कियां दिमागी रूप से परेशान और डरी हुई थीं।

स्कूल प्रबंधन पर अभिभावकों का आरोप है कि वो मामले को दबा रहे थे। पुलिस ने शिक्षक को पोक्सो एक्ट के तहत पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। बिलासपुर स्थित हाइड्रो इंजीनियरिंग कालेज के प्राचार्य पर कालेज की छात्राओं ने यौन उत्पीडऩ के आरोप लगाए हैं। 19 मार्च 2025 को अस्पताल में एक वीडियो में आरोपी छात्रा से छेड़छाड़ करता दिख रहा है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर जमानत पर छोड़ दिया है। सरकार ने आरोपी को नौकरी से सस्पेंड कर दिया है। आरोपी पिछले कार्यस्थल पर भी ऐसी हरकतें कर चुका है। शिकायत करने के बावजूद आरोपी पर कोई कार्रवाई नहीं की गई थी। इसी तरह नाहन की पुलिस ने 8 जुलाई 2025 को एक स्कूल के पीटीआई को योगाभ्यास के दौरान सातवीं कक्षा की छात्रा के साथ 2 जून को स्कूल समय में गलत हरकत करने पर छात्रा की माता की शिकायत पर पोक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शिक्षक को न्यायिक हिरासत में भेजा है। सिरमौर जिला के पच्छाद उपमंडल के सरकारी स्कूल की छह छात्राओं ने मई महीने में भाषा अध्यापक पर अनुचित शारीरिक सपर्क करने के आरोप लगाए। अध्यापक को जून महीने में पोक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है। राजगढ़ उपमंडल में एक शिक्षक छात्रा को उसकी सहेली के मोबाइल फोन पर अश्लील संदेश भेजता था। यह मामला पहले का है। शिक्षक का तबादला हो चुका है। छात्रा की माता ने सोलन पुलिस स्टेशन में ऑनलाइन शिकायत की है। इस शिकायत को राजगढ़ पुलिस थाना भेज दिया है। पुलिस छानबीन कर रही है। कुल्लू जिला के डुघीलग क्षेत्र के सरकारी प्राथमिक विद्यालय के चपरासी पर छात्राओं ने गलत नीयत से अवांछित स्पर्श के आरोप का वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड किया तथा अभिभावकों की शिकायत के आधार पर पुलिस पोक्सो एक्ट के तहत चपरासी से पूछताछ कर रही है तथा विभागीय जांच भी की जा रही है। हिमाचल प्रदेश के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों द्वारा छात्राओं के साथ छेड़छाड़ की वारदातें, सरकारी स्कूलों की छवि को खराब कर रही हैं और गुरु-शिष्य के रिश्ते को तार-तार कर रही हैं। यह एक चिंतनीय विषय है। शिक्षा विभाग को आरोपितों के प्रति समयबद्ध और कठोरतम कार्रवाई करनी चाहिए। इन केसों में न्याय में देरी नहीं होनी चाहिए। पोक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामलों को शिक्षा निदेशालय स्तर पर ही निपटाना चाहिए और हर हफ्ते इनकी समीक्षा हो।

## आज का राशिफल

मेष ः लेन-देन में स्पष्टता बनाये रखें। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। राजकीय कार्यों से लाभ। बिगड़ा कार्य बनेगा। शुभांक-3-6-8

वृष ः आज की सुविधा कल नहीं मिल पायेगी, लाभ उठाएं। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। शुभ कार्यों में व्यय होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शुभांक-4-6-8

मिथुन ः पारिवारिक प्रेमभाव बढ़ेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेगें। यश में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-5-7

कर्क ः कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। कारोबारी यात्रा सफल होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व लाभ मिलेगा। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-2-4-6

सिंह ः संतान पक्ष की समस्या खत्म होगी। स्वभाव में सौम्यता आपकी मदद करेगी। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। अपने काम पर नजर रखिए। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-1-3-5

कन्या ः समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। धन लाभ की संभावना। शुभांक-4-6-8

तुला ः जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र है। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। धन लेन-देन में सतर्क रहें। शुभांक-5-7-9

वृश्चिक ः परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। राजकीय सम्मान प्राप्त होने के योग हैं। शांतिपूर्वक कार्य करें, जान है तो जहान हैं अतः वाहन आदि चलाने में सावधानी बरतें। अपना कार्य स्वयं करें, किसी के भरोसे न रहें। शुभांक-2-6-9

धनु ः घर तथा व्यावसाय को एक-दूसरे से दूर ही रखें। नये लोगों से मेल-मिलाप भविष्य में लाभदायक सिद्ध होगा। स्वयं पर विश्वास कार्यों की सिद्धि है। व्यापारिक संबंधों में प्रगति के योग हैं। कार्य स्थल पर नियमपूर्वक व्यवहार लाभकारी होगा। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंग। शुभांक-6-8-9

मकर ः भावुकतावश निर्णय न लें। मन में चंचलता बढ़ेगी। कर्ज देने से बचें। धन के लेन-देन में सतर्क रहें। बातचीत में संयम बरतें। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। माता-पिता के स्वास्थ्य में गिरावट से चिंता रहेगी। कला क्षेत्र के जातकों को मेहनत के बाद सफलता मिलेगी। शुभांक-4-7-9

कुंभ ः सरकारी पक्ष से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा। पुराना विवाद समाप्त होगा। आर्थिक मजबूती हेतु मन केन्द्रित होगा। मिल रहे अवसरों का लाभ उठाएं। आर्थिक योजनाएं फलित होंगी। स्त्री, संतान, मित्र के साथ मनोविनोद बढ़ेंगे। बकाया धन की प्राप्ति के योग हैं। शुभांक-3-6-9

मीन ः आय के नये स्त्रोत बनेंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। लम्बे प्रवास व चुनौती पूर्ण कार्यों का सामना हो सकता हैं। व्यवसायिक क्षेत्र में आपकी मेहनत व लगन की परीक्षा होगी। महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति होगी। शुभांक-2-4-7

## आपदा प्रबंधन की तैयारी : 25 सितंबर को नवा रायपुर में बाढ़ मॉक ड्रिल का आयोजन

**जिला प्रशासन की पहल बाढ़ आपदा मॉक ड्रिल से होगी जागरूकता और तैयारी**

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** जिले के सभी नागरिकों को सूचित किया जाता है कि 25 सितंबर 2025, गुरुवार को सेंध लेक, नवा रायपुर (परसदा स्टेडियम के पास) में बाढ़ आपदा पर मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी।यह अभ्यास राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (नई दिल्ली), गृह मंत्रालय भारत सरकार, छत्तीसगढ़ राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग तथा जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है।इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य आपदा प्रबंधन की तैयारियों का मूल्यांकन करना और नागरिकों को आपदा की स्थिति में सही प्रतिक्रिया देने के लिए जागरूक करना है। महत्वपूर्ण सूचना – यह केवल एक प्रशिक्षण अभ्यास है। घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है।नागरिकों के लिए निर्देश , अभ्यास के दौरान शांति बनाए रखें । किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचें और सही जानकारी साझा करें । प्रशासन को पूरा सहयोग प्रदान करें।जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस महत्वपूर्ण मॉक ड्रिल को सफल बनाने में सहयोग दें और आपदा प्रबंधन की इस तैयारी का हिस्सा बनें।

## प्रोजेक्ट ग्रीन पालना : नवजात के स्वागत में माताओं को फलदार पौधों की भेंट

**पर्यावरण संरक्षण का संदेश, मातृत्व का उत्सव हरियाली के साथ**



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रतिबद्धता के अनुरूप रायपुर जिला प्रशासन द्वारा प्रोजेक्ट ग्रीन पालना अभियान को प्रभावशाली ढंग से आगे बढ़ाया जा रहा है। इस अभिनव पहल के तहत शासकीय अस्पतालों में प्रसव उपरांत माताओं को फलदार पौधे भेंट स्वरूप दिए जा रहे हैं, ताकि एक नई ज़िंदगी के आगमन के साथ एक नया वृक्ष भी धरती पर जन्म ले।कलेक्टर डॉ गौरव सिंह के मार्गदर्शन में इस अभियान के तहत आज एमसीएच कालीबाड़ी में 14, उरला में 01, बिरगांव में 03, तिल्दा में 02, धरसीवां ब्लॉक में 03 अभनपुर में 04, आरंग में 02, शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुड़ियारी में 02, तथा एम्स अस्पताल में 06 कुल 40 प्रसूता महिलाओं को 200 पौधे भेंट किये गये।यह प्रयास मातृत्व के साथ प्रकृति से जुड़ाव को भी बढ़ावा देता है। प्रोजेक्ट ग्रीन पालना न सिर्फ नवजात के जीवन की शुरुआत को यादगार बनाता है, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए हरियाली और शुद्ध वातावरण की नींव भी रखता है।

## स्मृति पुस्तकालय योजना, रायपुर में शिक्षा को बढ़ावा : लेक्चरर दीपक पटेल ने दान की पुस्तकें

**दानदाताओं ने दी 5 हजार से अधिक पुस्तकें**




**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** जिला प्रशासन द्वारा मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में संचालित स्मृति पुस्तकालय योजना शिक्षा को नया संबल प्रदान कर रही है। इस क्रम में गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज रायपुर के लेक्चरर श्री दीपक पटेल ने एक सराहनीय पहल करते हुए जेईई, नीट की प्रतियोगी तैयारी की पुस्तक, कंप्यूटर साइंस, अर्थशास्त्र, सहित अन्य शैक्षणिक पुस्तकें दान कीं।कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने पुस्तकें ग्रहण करते हुए इस पुनीत कार्य के लिए श्री पटेल को सम्मान स्वरूप प्रमाण पत्र प्रदान किया। श्री पटेल ने कहा की बच्चों को पढ़ने के लिए पुस्तक नहीं मिल पाता ऐसे बच्चों के लिए जिला प्रशासन की अनोखी पहल है। जिले में 15 जुलाई से प्रारंभ इस योजना के तहत दानदाताओं द्वारा 5000 से अधिक पुस्तकें दान में दी जा चुकी है। ये पुस्तकें जरूरतमंदों के भविष्य निर्माण में लाभकारी साबित होगी।जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे आगे आकर पुस्तकें और इलेक्ट्रॉनिक गैजेट दान करें और ज्ञान के इस अभियान में सहभागी बनें। दान करने के लिए लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता श्री प्रभात सक्सेना, रोजगार अधिकारी श्री केदार पटेल से मोबाइल नंबर 9406049000 पर संपर्क किया जा सकता है।इस अवसर पर निगम आयुक्त श्री विश्वदीप, अपर कलेक्टर श्रीमती नम्रता जैन (आईएएस), जिला पंचायत सीईओ श्री कुमार बिश्वरंजन सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## शिविर लगाकर ईसीआई के द्वारा किये गये नवाचार के प्रचार-प्रसार करने निर्देश

**कोरबा, एजेंसी।** कलेक्टर अजीत वसंत ने प्राचार्य एवं सहायक जिला स्वीप नोडल अधिकारी शा.ई.व्ही.पी.जी. महाविद्यालय कोरबा को पत्र के माध्यम से ईसीआई के द्वारा किये गये नवाचार के प्रचार-प्रसार विद्यालय एवं महाविद्यालयों में शिविर लगाकर किये जाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने प्राचार्य एवं सहायक जिला स्वीप अधिकारी को निर्देशित किया है कि आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के तहत कोरबा जिले के विद्यालयों तथा महा विद्यालयों में ईसीआई के द्वारा जारी किये गये नवाचार के प्रचार प्रसार हेतु एक दिवसीय शिविर का आयोजन कर पात्र युवाओं का नाम मतदाता सूची में पंजीयन हेतु फार्म 6 में अग्रिम आवेदन (आनलाईन/आफलाईन) प्राप्त करेंगे तथा अधिक से अधिक संख्या में निर्वाचन आयोग के सोशल मीडिया प्लेट फार्म जैसे फेसबुक, इंस्टाग्राम, थ्रेड, एक्स एंड वाट्सअप चैनल में फालो करना सुनिश्चित करते हुए फोटोग्राफ्स सहित पालन प्रतिवेदन 25 सितंबर के पूर्व कलेक्टर कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

# कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने ली समय-सीमा की बैठक, कार्यों की ली विभागवार जानकारी



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह की अध्यक्षता में आज रेडक्रॉस सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिले के विकास कार्यों, प्रशासनिक योजनाओं और लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की गई।कलेक्टर डॉ. सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। उन्होंने ÷मेरा गांव, मेरी पहचान नवाचार परियोजना के तहत अधिकारियों को आवंटित ग्रामों की नियमित निगरानी और दौरा सुनिश्चित करने तथा ग्रामीणों की योजनाओं का लाभ लेने प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए डॉ. सिंह ने सभी एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदारों को लंबित राजस्व प्रकरणों का त्वरित एवं समयबद्ध निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत ज्यादा से ज्यादा माताओं को लाभान्वित करने पर जोर दिया। उन्होंने मितानिन और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय स्थापित करने और आंगनबाड़ी केन्द्रों में आवश्यक सुधार कार्य कराने के निर्देश भी दिए।स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान डॉ. सिंह ने बीएमओ, बीपीएम एवं जिला सलाहकारों से स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली और आमजन को मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाएं शत प्रतिशत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में नगर निगम आयुक्त विश्वदीप, अपर कलेक्टर नम्रता जैन (आईएएस), सीईओ जिला पंचायत कुमार बिश्वरंजन सहित जिले के सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से नॉमिनी को मिला 2 लाख रूपये की राशि



**गरियाबंद।** इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक गरियाबंद शाखा में खाता धारक स्व. श्रीमती रोहिणी बाई पटेल ग्राम अमलीपदर निवासी है। उन्होंने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में अपना बीमा कराया था। श्रीमती पटेल की अकस्मात मृत्यु होने के उपरांत उनके पुत्र नॉमिनी सदानंद पटेल ने उनकी मृतिका माता के नाम से जमा की गई राशि को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का क्लेम 08 सितम्बर 2025 को किया गया। जिस पर संबंधित बैंक शाखा प्रबंधक द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए 16 सितम्बर 2025 को क्लेम की 2 लाख रूपये की राशि नॉमिनी को हस्तांतरित कर दिया गया। जिससे नॉमिनी को अपने अन्य खर्चों के लिए समय से राशि मिल गई। इस पर पटेल ने केन्द्र शासन की इस योजना पर आभार व्यक्त किया। इस दौरान इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक गरियाबंद शाखा प्रबंधक विवेक सोनी, एग्जीक्यूटिव भूपेंद्र साहू, सौरभ तायडे उपस्थित थे। शाखा प्रबंधक सोनी ने जिले के सभी नागरिकों को अपने नजदीकी डाकघर में जाकर भारत सरकार की इस महत्वपूर्ण बीमा योजना का लाभ लेने की अपील की है।

## ई-मार्केटप्लेस एवं डिजिटल मार्केटिंग विषय पर कार्यशाला का आयोजन



**कोण्डागांव, एजेंसी।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई), महिला उद्यमियों, स्व-सहायता समूहों (एसएचजी) एवं पारंपरिक कारीगरों को डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ने और उनके उत्पादों की बाजार पहुँच बढ़ाने के उद्देश्य से आहुजा पैलेस, रायपुर नाका कोण्डागांव में ई-मार्केटप्लेस एवं डिजिटल मार्केटिंग के माध्यम से बाजार पहुँचे विकास विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भारत सरकार की रैम्प योजना के अंतर्गत आयोजित हुआ।

गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जेम), रायपुर के मीमो प्रसाद निदेशक एवं सीईओ इंटेलिग्रेटर टेक्रोलाजिस्ट प्राईवेट लिमिटेड एवं डॉ. योगेश शर्मा, एसपीबाईयू, रैम्प टीम ने सरकारी खरीद पोर्टल पर पंजीकरण की प्रक्रिया, निविदाओं में भागीदारी, उत्पाद कैटलॉग विकास एवं एमएसएमई इकाइयों को मिलने वाले लाभों पर विस्तार से जानकारी साझा की।

इस अवसर पर श्रीमती कुसुमलता नेताम, प्रबंधक, जिना व्यापार एवं उद्योग केंद्र (डीटीजाईसी) कोण्डागांव ने रैम्प योजना के अंतर्गत राज्यभर में संचालित गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि योजना के तहत उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम, निर्यात प्रशिक्षण, डिजिटल मार्केटिंग, वित्तीय पहुँच और अन्य कई पहलें चल रही हैं, जो सूक्ष्म उद्यमों के लिए नए अवसर सृजित कर रही हैं।

कार्यक्रम में कुल 80 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें जिला विभागीय अधिकारी, महिला उद्यमी, स्व-सहायता समूह सदस्य, पारंपरिक कारीगर एवं स्थानीय एमएसएमई प्रतिनिधि, राईस मिल एशोसिएशन के अध्यक्ष हरिश गोलछा शामिल थे।

## जिला स्तरीय पोषण माह शिविर में 521 हितग्राही हुए लाभान्वित

***जनप्रतिनिधियों ने हितग्राहियों को पोषण संकल्प शपथ दिलाया***




**गरियाबंद।** राष्ट्रीय पोषण माह 2025 अंतर्गत आज जिला स्तरीय पोषण माह शिविर का आयोजन जिला मुख्यालय स्थित वन विभाग के ऑक्शन हाल में किया गया। जिसमें उपस्थित हितग्राहियों से पोषण माह की थीम मोटापे का समाधान, स्थानीयता को बढ़ावा तथा मेन-स्ट्रीमिंग विषयो पर विस्तृत चर्चा की गई। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि यह कार्यक्रम 10 वां राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के अवसर पर संयुक्त रूप से पोषण जागरूकता एवं स्वास्थ्य शिविर से संबंधित था। उन्होंने बताया कि शिविर में आयुर्वेद चिकित्सा विभाग से 294, होम्योपैथी चिकित्सा से 187 एवं क्लिनिकल ब्लड टेस्ट से 40 महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें लाभान्वित किया गया। इस दौरान प्रतिभागियों को संयुक्त रूप से पोषण संकल्प शपथ दिलाया गया, गर्भवती महिलाओं की गोदभराई तथा 6 माह के बच्चों का अन्नप्रासन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अलावा स्थानीय व्यंजन ,रेडी टू ईट ,मिलेट्स के व्यंजनों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद् के अध्यक्ष रिखीराम यादव, उपाध्यक्ष आशिफ मेमन, अपर कलेक्टर नवीन भगत, स्थानीय जनप्रतिनिधि, जिला प्रशासन, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा शिक्षा विभाग, आयुष विभाग के अधिकारी - कर्मचारी उपस्थित थे।

# दो दिवसीय समेकित कीट प्रबंधन पर प्रशिक्षण संपन्न



**कोरबा, एजेंसी।** कृषि विज्ञान केंद्र लखनपुर कटघोरा, कोरबा में दो दिवसीय मानव संसाधन विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम खरीफ 2025-26 का आयोजन कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के वनस्पति संरक्षण, संगरोध एवं संग्रह निदेशालय के अंतर्गत केंद्रीय एकीकृत नाशी जीव प्रबंधन केंद्र, रायपुर और कृषि विभाग जिला कोरबा के सयुक्त तत्त्वधान में 22 एवं 23 सितंबर को आयोजित किया गया। कार्यक्रम मे कुल 75 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में प्रगतिशील किसान, किसान उत्पादक संगठन एवं किसान मित्र, महिला समूह के किसान, कृषि विस्तार अधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम का उद्घाटन कार्यालय प्रमुख नीरज कुमार सिंह, उप निदेशक (की. वि.), एस. पी. सिंह, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, एम. एम. बघेल, सहायक संचालन कृषि के द्वारा किया गया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थी को नीरज कुमार सिंह, उप-निदेशक (की.वि.) ने धान और सब्जी में लगाने वाले कीट और रोगों के लक्षण और उनके प्रबंधन के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

इसके अलावा कीटनाशकों का सुरक्षित और उचित उपयोग के बारे मे सभी किसानों को विस्तृत जानकारी प्रदान की। डॉ आशीष जायसवाल, स.व.स.अ (पी.पी.), ने किसानों को बीजोपचार का महत्व और मक्का मे लगने विभिन्न प्रकार के कीड़े और रोगों के लक्षण और उनका प्रबंधन के बारे में बताया। कन्हैया लाल वैज्ञानिक सहायक ने आईपीएम तकनीकों से अवगत कराया गया और संबंधित पद्धति को अपनाने के बारे में चर्चा की तथा एन.पी.एस.एस. एप के प्रयोग ओर उनको एप को मोबाइल में डाउनलोड कराया और ऐप की विशेषताओ के बारे मे विस्तार पूर्वक बताया गया तथा उसी के साथ विभिन्न प्रकार के प्रपंच जैसे की पीले एवं नीले चिपचिपा प्रपंच, फेरोमोन प्रपंच, प्रकाश प्रपंच, फ्रूट फ्लाई प्रपंच आदि के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में उपसंचालक कृषि डी. पी. एस. कंवर, कृषि विज्ञान केंद्र कोरबा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डा. एस. पी. सिंह, डी. के. तँवर, एम. एस. उर्रे, सुलोचना भूयां, अनामिका निराला, कृषि विभाग के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सुश्री रुपाली कंवर, सुश्री प्रियंका कुर्रे, अविनाश पटेल सहित करतला विकासखंड के कृषि विकास अधिकारी अजय कंवर सहित 09 ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों ने भाग लिया। अंत में किसानो को जैव नियंत्रण कारको का ट्राईकोडर्मा एसपीपी और मेटारिजियम एसपीपी का भी वितरण किया गया।

## छात्रवृत्ति योजना, आवेदन 25 तक

**गरियाबंद, एजेंसी।** राज्य के प्रतिभावान निम्न आय वर्ग के विद्यार्थी जो शिक्षण सत्र 2025-26 में राष्ट्रीय स्तर के उच्च व्यावसायिक संस्थानों जैसे आईआईटी, एआईएमएस, आईआईएम, एनएलयू, एमबीबीएस, आईआईआईटी में चयन उपरांत प्रवेश प्राप्त करने के लिए तात्कालिक सहायता प्रदान करने के उदेश्य से मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना संचालित है। आदिवासी विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि योजनांतर्गत पात्र विद्यार्थियों से निर्धारित प्रपत्र में आवेदन 25 अक्टूबर 2025 तक पंजीकृत डाक से अथवा कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास गरियाबंद के कक्ष क्रमांक 56 में जमा कर सकते है। आवेदन का प्रारूप कलेक्टर जिला गरियाबंद के अधिकारिक वेबसाईट से प्राप्त किया जा सकता है। निर्धारित तिथि समाप्ति पश्चात् आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

# कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में गरबा उत्सव समिति की बैठक आयोजित

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** आगामी गरबा उत्सव को लेकर कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में आज जिला पंचायत कार्यालय के सभागार में गरबा उत्सव समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।बैठक में एडीएम उमाशंकर बंदे ने कहा कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों का पालन करते हुए ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग धीमी ध्वनि में किया जाए तथा कोलाहल अधिनियम का पालन सुनिश्चित किया जाए। डीजे



का उपयोग रात 10 बजे के बाद पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। गरबा समितियां यातायात व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं के लिए



स्वयंसेवकों की नियुक्ति करें तथा सुरक्षा एवं पार्किंग की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। एएसपी लखन पटले ने कहा कि ऐसे आयोजनों के लिए नगर निगम से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। साथ ही बिजली विभाग, अग्निशमन विभाग एवं संबंधित थाना प्रभारी से भी अनुमति प्राप्त कर सूचना देना आवश्यक होगा। उन्होंने यह भी कहा कि आयोजक गरबा में बजने वाले गीतों का विशेष ध्यान रखें। ऐसे गीत या संगीत का प्रयोग न किया जाए जिससे किसी की धार्मिक भावना आहत हो।इस अवसर पर एसडीएम नंदकुमार चौबे सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## टाइगर रिजर्व में हाथियों खातिरदारी में लगे कर्मचारी :रोजाना हो रहा हेल्थ चेकअप

**उमरिया, एजेंसी।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में हाथियों के लिए विशेष सप्ताह की शुरुआत हो गई है। इस दौरान 12 वयस्क हाथियों और 3 शावकों को किसी भी काम से दूर रखा जाएगा। हाथियों की दिनचर्या चरण गंगा नदी में स्नान से शुरू होती है। महावत उन्हें नहलाने के बाद



मालिश करते हैं। पशु चिकित्सकों की टीम प्रतिदिन स्वास्थ्य जांच करती है और ब्लड सैंपल लेकर लैब भेजती है। बांधवगढ़ के सबसे वरिष्ठ हाथी गौतम की उम्र 79 वर्ष है, जबकि सबसे छोटी गंगा मात्र एक वर्ष की है। सामान्य दिनों में ये हाथी जंगल ट्रैकिंग, रेस्क्यू और गश्त में सहायता करते हैं। हाथियों को उम्र के अनुसार विशेष आहार दिया जाता है। प्रत्येक हाथी को मल्टी विटामिन युक्त 10 रोटियां, गन्ना, नारियल, केला, सेब और गुड़ दिया जाता है। नवजात शावकों वाली मादाओं को अतिरिक्त पौष्टिक आहार मिलता है। टाइगर रिजर्व प्रबंधन आसपास के क्षेत्र के लोगों को भी आमंत्रित करता है। स्थानीय निवासी, बच्चे और बुजुर्ग हाथियों को अपने हाथों से फल खिलाते हैं। इस पहल का उद्देश्य वन्य जीवों और मानव के बीच सामंजस्य बढ़ाना है। इस दौरान हाथी विशेषज्ञ महावतों को प्रशिक्षण भी देते हैं। दिन में भोजन के बाद हाथियों को जंगल में स्वतंत्र विचरण के लिए छोड़ दिया जाता है।

### पटाखों की दुकान लगाने के लिए लाइसेंस जरूरी-5 अक्टूबर तक एमपी ई-सर्विसेस पोर्टल पर कर सकते हैं आवेदन

**बुरहानपुर, एजेंसी।** दीपावली 2025 पर आतिशबाजी (पटाखे) बेचने और रखने के लिए अस्थायी लाइसेंस जारी किया जाएगा। इसके लिए इच्छुक लोग 5 अक्टूबर 2025 तक एम.पी. ई-सर्विसेज पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।



यह जानकारी अपर कलेक्टर वीरसिंह चौहान ने दी। आवेदन के साथ पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड, स्थल नक्शा, शपथ पत्र, पिछले साल (2024) की अनुज्ञप्ति की प्रति और थाना प्रभारी से मिला चरित्र प्रमाण पत्र अपलोड करना जरूरी है। यदि कोई पहले का लाइसेंस संलग्न नहीं करता है, तो उसे नए आवेदक की तरह माना जाएगा। ऑनलाइन आवेदन जमा करने के बाद रसीद की हस्ताक्षरित प्रति और सभी दस्तावेज उसी दिन जिला कार्यालय में जमा करना जरूरी है। ई-सर्विसेज पोर्टल के अलावा किसी अन्य माध्यम से किए गए आवेदन स्वीकार नहीं होंगे। पटाखों की बिक्री केवल स्थानीय प्रशासन या निकाय द्वारा तय किए गए स्थान पर ही हो सकती है। आवेदन में सिर्फ शहर या गांव का नाम दर्ज करें। आवेदक दस्तावेज अपलोड कर, शुल्क जमा कर और निर्धारित समय तक आवेदन कर सकते हैं।

### गरबा पर फिल्मी गाने बजाए गए :प्रशासन के निर्देशों की अनदेखी, शिकायत के बाद कार्रवाई की तैयारी



**छिंदवाड़ा, एजेंसी।** नवरात्रि पर्व के बीच गरबा आयोजनों को लेकर कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह और पुलिस अधीक्षक ने बीते दिनों कलेक्टर सभागार में दुर्गा पंडाल मंडल और गरबा आयोजन समितियों के साथ बैठक कर साफ निर्देश दिए थे। बैठक में तय किया गया था कि गरबा कार्यक्रमों में किसी भी तरह के फिल्मी गीत, धार्मिक या देशभक्ति से जुड़ी थीम का प्रयोग नहीं किया जाएगा। इसके अलावा महापुरुषों और भगवान के भेष में प्रस्तुति देने पर भी प्रतिबंध लगाया गया था। अधिकारियों ने चेतावनी दी थी कि निर्देशों का उल्लंघन करने पर संबंधित समिति के खिलाफ मामला दर्ज कर आयोजन को तत्काल बैन किया जाएगा। निगरानी के लिए स्थानीय स्तर पर थाना पुलिस को जिम्मेदारी सौंपी गई थी। इसके बावजूद शहर में शुरू हुए गरबा आयोजनों में नियमों की अनदेखी की गई। दूसरे दिन फिल्मी गानों पर गरबा करने का वीडियो सामने आया है, जिसने प्रशासन की सख्ती पर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस मामले में यमन साहू ने बताया कि पुलिस अधीक्षक ने शिकायत के लिए सीधे संपर्क करने को कहा था। मेरे पास कार्यक्रम का वीडियो आया है, जिसे पुलिस अधीक्षक महोदय को सौंपकर शिकायत करूंगा, उन्होंने कहा। कुंडीपुरा थाना प्रभारी महेंद्र भगत ने पुष्टि की कि आयोजन को लेकर शिकायत मिली है। उन्होंने कहा कि ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों द्वारा फिल्मी गीतों को सुनकर त्वरित बंद करवाया गया था अब वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# महिला सुरक्षा को लेकर युवकों को करेंगे जागरूक, 10 दिन तक चलेगा

**रतलाम, एजेंसी।** महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों को रोकने के लिए रतलाम पुलिस ने 'मैं हूं अभिमन्यु' अभियान शुरू किया है। इस अभियान का शुभारंभ एसपी अमित कुमार ने हरी झंडी दिखाकर किया। अभियान के तहत खासतौर पर पुरुषों और युवाओं को महिला सुरक्षा और अपराधों के प्रति जागरूक किया जाएगा।



अभियान का मकसद नशा, दहेज, रूढ़िवादिता, अश्लीलता, भ्रूण हत्या, अशिक्षा और लिंगभेद जैसी सामाजिक बुराइयों से लड़ने के लिए युवा पुरुषों को प्रेरित करना है। रतलाम पुलिस पुरुषों और बालकों को महिला अपराधों के प्रति संवेदनशील बनाने और सकारात्मक व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित करेगी।

### महिला सुरक्षा शाखा की प्रदेशव्यापी पहल

एसपी अमित कुमार ने बताया कि 'मैं हूं अभिमन्यु' अभियान महिला सुरक्षा शाखा, पुलिस मुख्यालय भोपाल की पहल है। यह अभियान एडीजीपी महिला सुरक्षा आईपीएस अनिल कुमार की देखरेख में प्रदेश में चलाया जा रहा है।

### युवाओं से महिलाओं की सुरक्षा का आह्वान

एसपी ने युवाओं से अपील की है कि वे अभिमन्यु की तरह महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा के लिए आगे आएं और लैंगिक भेदभाव, बाल विवाह, दहेज प्रथा आदि सामाजिक बुराइयों के खिलाफ मजबूत कदम उठाएं।

### अभियान में क्या-क्या होगा

10 दिवसीय इस अभियान में महिला थाना प्रभारी रेखा चौधरी और थाना प्रभारी अजाक पार्वती गौड़ टीम की अगुवाई करेंगी। टीम नवरात्रि के दौरान विभिन्न कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों, स्कूलों, छात्रावासों, गरबा पंडालों, और दुर्गा पूजा स्थलों सहित सार्वजनिक जगहों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करेगी।

इसमें वाद-विवाद, भाषण, चित्रकला, संगोष्ठी, युवा संवाद, सद्भावना दौड़, कानूनी जानकारी और साइबर अपराध सुरक्षा जैसे विषय शामिल होंगे। इस अवसर पर एएसपी राकेश खाखा, विवेक कुमार लाल, डीएसपी महिला अजय सारवन समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।



## 15 सालों से फरार अपराधी को इंदौर से पकड़ा

### लूट और चोरी के मामले में जमानत के बाद से गायब था

**सागर, एजेंसी।** सागर की मोतीनगर थाना पुलिस ने 15 साल पहले हुए लूट-चोरी के मामले में फरार चल रहे रीतेश अहिरवार (36) को इंदौर से गिरफ्तार कर सागर लाई है। आरोपी लंबे समय से इंदौर में भवन निर्माण के मजदूर के रूप में रह रहा था। पुलिस के अनुसार, रीतेश अहिरवार ने करीब 15 साल पहले मोतीनगर थाना क्षेत्र में लूट और चोरी की घटना को अंजाम दिया था। उस समय पुलिस ने गिरफ्तारी कर जेल भेजा था, लेकिन 2010 में जमानत मिलने के बाद आरोपी फरार हो गया और कोर्ट में पेश नहीं हुआ।

**उच्च न्यायालय ने जारी किया था गिरफ्तारी वारंट:**फरारी के कारण उच्च न्यायालय ने आरोपी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। थाना पुलिस, साइबर सेल, तकनीकी निगरानी और मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपी की लोकेशन ट्रेस की गई, जो इंदौर में मिली।

**दबिश देकर इंदौर से किया गिरफ्तार:**पुलिस की टीम ने इंदौर में दबिश देकर रीतेश को पकड़ा। पूछताछ में पता चला कि आरोपी ने फरारी के दौरान दिल्ली, झांसी और इंदौर में मजदूरी की।

**आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया** :मोतीनगर थाना प्रभारी जसवंत सिंह ने बताया कि आरोपी को सागर लाकर न्यायालय में पेश किया गया है। अब मामले में कानूनी प्रक्रिया आगे बढ़ेगी।

# जुड़वा बच्चों को जन्म देने के बाद मां की मौत, छतरपुर में परिजनों का आरोप

### 5 घंटे तक नहीं मिला इलाज, एंबुलेंस ने भी गेट पर छोड़ा

**छतरपुर, एजेंसी।** चौपारा गांव की 23 वर्षीय महिला की जिला अस्पताल छतरपुर में डिलीवरी के दौरान मौत हो गई। महिला के दो जुड़वा बच्चे हैं, जो स्वस्थ हैं। परिवार ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया है।

पीड़ित परिवार के अनुसार, पूनम (पत्नी दीपक आदिवासी, उम्र 23 वर्ष) को मंगलवार दोपहर 3 बजे छतरपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शाम 8 बजे डिलीवरी के दौरान उसने दो बच्चों को जन्म दिया। डिलीवरी के बाद डॉक्टर ने जांच के लिए कहा। जांच में एक घंटा लग गया, वापस लौटने पर महिला की हालत खराब थी और थोड़ी देर में उसकी मौत हो गई।

**परिवार ने उठाए गंभीर सवाल:**महिला के ममिया ससुर ने



बताया कि वह बाजना से पूनम को इलाज के लिए छतरपुर लाए थे। डिलीवरी के बाद डॉक्टर ने कहा कि सब ठीक है और ब्लड जांच करवाने भेजा। जांच में देरी के दौरान वापस लौटे तो बहू की हालत बिगड़ चुकी थी।

**इलाज में देरी और संसाधनों की कमी पर आरोप:**नारायण विश्वकर्मा ने बताया कि बड़ामलहरा से एंबुलेंस से महिला को लाया गया था। छतरपुर अस्पताल में एंबुलेंस चालक ने गेट पर ही छोड़ दिया। बुजुर्ग महिला साथ में थी। करीब 6 बजे तक गेट पर पड़ी रही, बाद में वार्ड में भर्ती किया। डॉक्टरों ने रात 8 बजे जांच और ब्लड के लिए लिखा, लेकिन ब्लड की कमी और जांच में देरी हुई। महिला की डेढ़ साल की एक बच्ची पहले से है, उसका पति गुजरात में मजदूरी करता है। परिवार का कहना है कि समय पर इलाज मिलता तो उसकी जान बच सकती थी।

**जांच के निर्देश, महिला को पहले से था पीलिया:**सीएमएचओ आरपी गुप्ता ने बताया कि मामले की जांच के लिए टीम गठित की जा रही है। उन्होंने कहा कि महिला को पहले से पीलिया था, जबकि दोनों नवजात बच्चे स्वस्थ हैं।

## मॉर्निंग वॉक पर निकली महिला से ठगी पुलिस चेकिंग का झांसा देकर ठगों ने गहने उतरवाए



**सीहोर, एजेंसी।**सीहोर के शाहगंज में बुधवार सुबह एक महिला से बदमाशों ने धोखाधड़ी कर जेवरात छीन लिए। घटना सुबह 7:15 बजे की है। खेमवती साहू नाम की महिला अपने नाती को स्कूल बस में बैठाने के बाद मॉर्निंग वॉक पर निकली थीं।एमपीईबी ऑफिस के पास बाइक सवार बदमाश आए। उन्होंने महिला को बताया कि आगे पुलिस चेकिंग चल रही है। बदमाशों ने कहा कि वह अपने जेवरात साड़ी के पल्लू में बांध लें। महिला ने अपना सोने का मंगलसूत्र, कान के टॉप्स और अंगूठी निकाल दी। बदमाशों ने चालाकी से नकली गहने साड़ी में बांधी और असली जेवरात लेकर फरार हो गए। महिला ने घर पहुंचकर परिजनों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। एसडीओपी रवि शर्मा ने बताया कि यह जालसाजी का मामला है। पुलिस टीम जांच कर रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। थाना प्रभारी दिनेश सिंह चौहान के अनुसार चोरी हुए जेवरात की कीमत लगभग दो लाख रुपए है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## डीएपी-यूरिया की कालाबाजारी, 20 दिन बाद एफआईआर

### बिना लाइसेंस ज्यादा कीमत पर यूरिया बेचते पकड़ाया था दुकानदार



**नर्मदापुरम, एजेंसी।** बांद्राभान रोड पर घानाबढ़ के पास 3 सितंबर को बिना लाइसेंस यूरिया बेचते पकड़े गए मामले में कार्रवाई की गई। जब्ती की कार्रवाई के 20 दिन बाद मंगलवार रात 10.30 बजे देहात थाने में दुकान संचालक मोहन खंडेलवाल के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3,7 के तहत केस दर्ज किया गया। इस संबंध में कृषि विभाग के एसडीओ राजीव यादव ने FIR दर्ज कराई थी। मामले में एसडीएम नीता कोरी ने जब्ती के बाद जांच के आदेश दिए थे।

3 सितंबर को अवैध तरीके से डीएपी और यूरिया के स्टॉक की सूचना पर एसडीएम नीता कोरी के निर्देश में ग्रामीण तहसीलदार दिव्यांशु नामदेव ने बांद्राभान रोड स्थित घानाबढ़ में हेमंत खंडेलवाल की दुकान पर छापा मारा था। मौके पर 170 बोरी डीएपी और यूरिया जब्त किए गए थे। इनमें 78 बोरी यूरिया और 92 बोरी डीएपी शामिल थे।

दुकान को आरआई और पटवारियों की मौजूदगी में सील कर दिया गया था। कार्रवाई के दौरान दुकानदार मोहन खंडेलवाल ने खुद स्वीकार किया था कि उसने अपने उपयोग के लिए नर्मदापुरम के डबल लॉक गोदाम से डीएपी और यूरिया खरीदा था। इस बीच कुछ किसानों को 200 रुपए प्रति बोरी में खाद देकर मदद करने की बात भी कही थी।

### बिना लाइसेंस खाद बेचना अपराध

कृषि उप संचालक जे.आर. हेडाऊ ने बताया कि डीएपी और यूरिया की कालाबाजारी के शक में ग्रामीण तहसीलदार ने घानाबढ़ स्थित दुकान से बड़ा स्टॉक जब्त किया था। एसडीएम नीता कोरी द्वारा बनाए गए चार सदस्यीय दल ने जांच की। जांच में पाया गया कि दुकानदार मोहन खंडेलवाल ने यूरिया अधिक दाम पर बेचा था। दुकान का लाइसेंस नहीं होने के कारण प्रकरण दर्ज किया गया है। बिना लाइसेंस डीएपी और यूरिया बेचना अपराध है।



बीपीएल चौराहे का रोटरी छोटा होगा, घंटाघर मंडी में टू-व्हीलर पार्किंग होगी शुरु

# मंदसौर में बंद पड़े ट्रैफिक सिग्नल होंगे चालू

**मंदसौर, एजेंसी।** कलेक्टर अदिति गर्ग की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित की गई जिसमें शहर के साथ जिले की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

कलेक्टर ने नगर पालिका को बीपीएल चौराहे के रोटरी को छोटा करने के निर्देश दिए। इससे यातायात सुगम होगा और जाम की स्थिति नहीं बनेगी। घंटाघर मंडी में तत्काल टू-व्हीलर पार्किंग व्यवस्था शुरू करने को कहा गया।

शहर की पार्किंग व्यवस्था को सुधारने के लिए मुख्य सड़कों पर व्हाइट लाइन मार्किंग की जाएगी। निर्धारित क्षेत्र के बाहर वाहन खड़े करने पर चालान काटा जाएगा। प्रतापगढ़ पुलिया, घंटाघर और बीपीएल चौराहा में पार्किंग स्थल विकसित किए जाएंगे।

### बंद पड़े ट्रैफिक सिग्नल चालू कराने के निर्देश

सड़क सुरक्षा के लिए बंद पड़े ट्रैफिक सिग्नल को तुरंत चालू कराया जाएगा। जिले के ब्लैक स्पॉट्स का अध्ययन कर दुर्घटनाओं को रोकने के उपाय किए जाएंगे। सड़कों पर अस्थायी निर्माण की अनुमति नहीं होगी।

एनएचएआई को 8 लेन सड़क पर हर 500 मीटर पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए गए। दो एएलसी एंबुलेंस की अतिरिक्त व्यवस्था की जाएगी। 8 लेन का कॉल सेंटर 112 और 181 टोल फ्री नंबरों से जोड़ा जाएगा।

### मॉडल रोड की तरह विकसित होगा घंटाघर रोड

घंटाघर रोड को मॉडल रोड के रूप में विकसित किया जाएगा। मेडिकल कॉलेज क्षेत्र में साइनेज बोर्ड लगाए जाएंगे। बारिश के बाद सभी सड़कों की मरम्मत कराई जाएगी। प्रत्येक ब्लॉक में पांच सड़कों की जांच सड़क सुरक्षा समिति करेगी।

साथ ही राहवीर योजना एवं कैशलेस उपचार योजना से संबंधित प्रकरणों पर भी विस्तृत चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में एसपी विनोद कुमार मीना, एडिशनल एसपी तेर सिंह बघेल, नगर पालिका अध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, एसडीएम, पीडब्ल्यूडी, परिवहन विभाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# मसाया सोलर प्लांट पर जमीन हड़पने का आरोप

### किसान बोला :भाजपा नेता ने खसरे में सुधार के बदले एसडीएम को देने 12 लाख रुपए लिए

**खंडवा, एजेंसी।** एक किसान ने मसाया सोलर एनर्जी कंपनी पर जमीन हड़पने का आरोप लगाया है। किसान ने कहा कि कंपनी ने सामान रखने के लिए 2020 में उससे 17 एकड़ जमीन ली थी। खेत में 6 हजार फलदार पेड़ लगे थे, बदले में दो साल के लिए एक करोड़ 40 लाख रूपए का मुआवजा सहित किराया दिया। अब दो साल से किराया तक नहीं दे रहे हैं। किसान ने कहा कि दलाल और भाजपा नेता ने जमीन के खसरे में गलती बताकर सुधार के लिए एसडीएम के नाम पर 12 लाख रूपए भी ठग लिए।

**भाजपा नेता ने कराई थी डील:**कलेक्टर सहित पुलिस थाने में शिकायत कर चुके भूमिस्वामी सुशील तिवारी ने बताया कि मेरे पास भाजपा नेता श्याम पाटीदार और आजम गौरी मसाया सोलर एनर्जी प्रायवेट लिमिटेड के अधिकृत व्यक्ति के तौर पर मिलने आए थे। इन्होंने मुझसे जमीन किराए पर लेने की बात की, 19 महीने के लिए जमीन को किराए पर देने का कहा। बदले में प्रतिमाह किराया 7 लाख 40 हजार रुपए तय किया गया था। दोनों ने कहा था कि 19 महीने बाद जमीन खाली करके दे देंगें या फिर आगे और किराए से जमीन लेना चाहेंगे तो इसी 7 लाख 40 हजार रूपए प्रतिमाह की दर से आगे भी किराया अदा करते जाएंगे।

**जमीन सिर्फ किराए पर दी थी, उन्होंने हड़प ली:**मेरी और से शर्त रखी गई कि लिखित अनुबंध करके जमीन किराए पर दूंगा। मेरी जमीन में स्थित मंदिरों को किसी भी प्रकार की क्षति नहीं पहुंचना चाहिए। मुझे मंदिरों में आकर पूजा पाट भजन कीर्तन करने में कोई रोकटोक नहीं होगी, खेत में बने भवनों को किसी प्रकार का नुकसान नहीं होगा ये सब बात मैंने स्पष्ट कही थी। जिसकी



### 6 हजार पेड़ों का बगीचा काटकर नष्ट कर दिया

तिवारी ने बताया कि शासकीय व प्राइवेट नर्सरी से फलदार आम, जाम, संतरा, मौसंबी, अनार, सूरजना, आंवला, जामुन, नींबू के फलदार 6 हजार पेड़ों का बगीचा लगाया था। जो कि करीब 3 साल से अधिक आयु के वृक्ष हो चुके थे। वह फलों की फसल लेकर अपनी व अपने परिवार की आजीविका चलाता था। इस जमीन में सागवान के भी इमारती लकड़ी के पेड़ लगे थे। चंदन के साथ अन्य फूलों के पौधे भी लगाए थे। आजम गौरी और श्याम पाटीदार ने सारे पेड़ काट दिए। मिलीभगत के चलते प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की।

बाद जमीन किराए पर दे दी। 1 करोड़ 40 लाख रुपए किराए का भुगतान कर आजम गौरी पिता अनवर गौरी और श्याम पाटीदार पिता गजानंद पाटीदार ने मुझसे भूमि का आधिपत्य प्राप्त किया।

**किराया देना बंद करके जमीन पर कब्जा कर लिया:**सुशील तिवारी ने शिकायत में बताया कि आजम गौरी और श्याम पाटीदार ने 19 महीने का अनुबंध किया था, लेकिन अनुबंध की समय अवधि समाप्त होने के बाद भी मेरी जमीन मुझे नहीं सौंप रहे हैं। जमीन का किराया देना भी बंद कर दिया है। जमीन किराए पर लेकर उसे हड़पने की योजना बना रहे है। सामग्री रखने के नाम पर पावर प्लांट ने निर्माण कर लिया है। यह लोग मेरी भूमि का डायवर्सन करने का भी प्रयास कर रहे है।

**धमकी देने के भी आरोप:**किरायेदार अनुबंध के समय कुछ कोरे कागज पर मेरे हस्ताक्षर लिए गए थे। आशंका है कि मेरी बेशकीमती जमीन को हड़पने के लिए आपस में षडयंत्र रचकर हस्तांतरण का कोई लेख तैयार किया है और भूमि पर पावर प्लांट का निर्माण कर लिया है। मुझे अपनी भूमि में आने जाने से भी रोक रहे है, मुझे गुंडे बदमाशों से धमकी दिलवाई जा रही।

**गौशाला, दीवार, मंदिर तक ध्वस्त कर दिए, अब धमका रहे:**किसान का कहना है कि, जमीन विकसित करने और बगीचा लगाने में 1 करोड़ 50 लाख रूपए की लागत आई थी। जिसे उखाड़कर, कटवाकर फिंकवा दिया गया हैं। टीन शेड, तार फेंसिंग आदि हटा दी हैं। बाउंड्रीवॉल तोड दी, गौशाला, पक्के कुएं की उपरी दिवाल भी ध्वस्त कर दी गई। ट्यूबवेल बंद करके डीपी हटवा दी। माताजी के मंदिर का जो कि 4 फिट ऊंचा व 25 बाय 30 फूट का आरसीसी का ओटला था, उसे भी तोड़ दिया।

**खसरा सुधार कर ऊंचे रेट में जमीन बिकवाने का लालच दिया:** सुशील तिवारी ने कहा कि, आजम गौरी और श्याम पाटीदार ने जहां किराये पर जमीन ली। वहीं उन्होंने मेरे खसरे में हस्तांतरण का उल्लेख होना बताया। कहा कि खसरे से हस्तांतरण को हटाना होगा।

जिसके बदले में मुझसे 12 लाख रूपए लिए और कहा कि यह पैसे एसडीएम को देना है। हस्तांतरण हटने के बाद तुम्हारी जमीन की रजिस्ट्री हो पाएगी। हमने लोगों से 14 लाख के भाव में जमीन खरीदी है, तुम्हे 18 लाख की कीमत दिलवा देंगे।

**बीजेपी नेता बोले- हमने जमीनी खरीदी:**वहीं इस मामले में जब बीजेपी नेता (पिछड़ा मोर्चा नगर अध्यक्ष) श्याम पाटीदार से बातचीत की गई तो उन्होंने कहा कि सुशील तिवारी से जमीन किराये पर नहीं ली गई। हमने जमीन खरीदी है, उसे पूरा पेमेंट एक नंबर में दिया गया है। बाकायदा सौदा-चिट्ठी की गई है। जमीन की रजिस्ट्री होना बाकी है, जो कि मेरे साथी आजम गौरी का मामला है।

आईसीसी का बड़ा फैसला

# तत्काल प्रभाव से यूएसए क्रिकेट की सदस्यता रद्द




**दुबई, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को यूएसए क्रिकेट की सदस्यता तत्काल प्रभाव से निलंबित करने की घोषणा की। यह फैसला बीते एक साल में मामलों की गहन समीक्षा और प्रमुख हितधारकों के साथ व्यापक बातचीत के बाद लिया गया है।

प्रेस रिलीज के मुताबिक, कुछ दिन पहले अपनी बैठक के दौरान आईसीसी बोर्ड ने यह फैसला आईसीसी के संविधान के तहत आईसीसी सदस्य के रूप में यूएसए क्रिकेट की ओर से अपने दायित्वों के बार-बार और निरंतर उल्लंघन के आधार पर लिया था।< आईसीसी ने प्रेस रिलीज में कहा, इनमें कार्यात्मक शासन संरचना को लागू करने में विफलता, संयुक्त राज्य अमेरिका ओलंपिक और पैरालंपिक समिति (यूएसओपीसी) के साथ राष्ट्रीय शासी निकाय का दर्जा प्राप्त करने की दिशा में प्रगति की कमी, और संयुक्त राज्य अमेरिका और दुनिया भर में क्रिकेट की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने वाली महत्वपूर्ण कार्रवाइयां शामिल हैं, लेकिन यह सिर्फ इन्हीं तक सीमित नहीं हैं।

2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक में क्रिकेट टी20 प्रारूप में वापसी करने जा रहा है, जो यूएसए क्रिकेट के अधिकार क्षेत्र में आता है। ऐसे में आईसीसी ने लॉस एंजिल्स 2028 में हिस्सा लेने के अधिकार को बरकरार रखते हुए खेल और खिलाड़ियों के हितों की रक्षा करने का फैसला किया है।

आईसीसी बोर्ड ने इस निलंबन को खेल के दीर्घकालिक हितों की रक्षा के लिए दुर्भाग्यपूर्ण लेकिन जरूरी कदम बताते हुए फैसला लिया है कि अमेरिका की राष्ट्रीय टीमें आईसीसी इवेंट्स में हिस्सा लेने का अधिकार बरकरार रखेंगी, जिसमें लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक खेलों की तैयारियां भी शामिल हैं। खिलाड़ियों को निरंतर समर्थन सुनिश्चित करने और ओलंपिक में शामिल होने की दिशा में गति बनाए रखने के लिए यूएसए की राष्ट्रीय टीमों के प्रबंधन और प्रशासन की अस्थायी रूप से आईसीसी और/या उसके नामित प्रतिनिधियों की ओर से देखरेख की जाएगी। आईसीसी ने अपनी विज्ञप्ति में कहा, यह कदम अमेरिकी क्रिकेटर्स के सर्वोत्तम हितों को बनाए रखने और उच्च-प्रदर्शन और खिलाड़ी विकास कार्यक्रम को जारी रखने के प्रति आईसीसी की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिसका उद्देश्य अमेरिका का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों की प्रतिष्ठा और क्षमताओं को नई ऊंचाइयों तक ले जाना है।

## भारत को कोई भी टीम हरा सकती है-मुख्य कोच बांग्लादेश

**दुबई, एजेंसी।** एशिया कप सुपर-4 में बुधवार को दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में भारत और बांग्लादेश के बीच मैच बेहद अहम मुकाबला खेला जाना है। मैच से पहले बांग्लादेश के मुख्य कोच फिल सिमंस ने कहा है कि भारतीय टीम को कोई भी दूसरी टीम हरा सकती है। उन्होंने कहा, लगातार टी20 और वनडे मैच खेलना बेहद मुश्किल है। इससे शारीरिक तनाव बढ़ता है, लेकिन हमने कड़ी मेहनत की है और खिलाड़ी पूरी तरह फिट हैं। हालांकि, किसी भी टीम के लिए लगातार



टी20 मैच खेलना ठीक नहीं है। यह लोगों की सोच से कहीं ज्यादा मुश्किल है। मुख्य कोच ने कहा, टी20 क्रिकेट तेजी से आंकड़ों पर आधारित होता जा रहा है। यह अत्यधिक जोखिम लेने के बजाय स्पष्टता और निरंतरता पर केंद्रित है। मैं जब से यहां हूं, हमने यह सुनिश्चित करने की कोशिश की है कि हम इसी तरह खेलना चाहते हैं। हमने इस तरह खेलने के लिए सही खिलाड़ियों को चुना है और अब तक, इससे हमें फायदा हुआ है। यह अच्छा चल रहा है। मुस्तफिजुर रहमान की तारीफ करते हुए फिल सिमंस ने कहा कि उनकी टीम सिर्फ श्रीलंका के खिलाफ मैच जीतने के इरादे से यहां नहीं आई है।

## एशिया कप : इतिहास रचने से सिर्फ एक कदम दूर मुस्तफिजुर रहमान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और बांग्लादेश के बीच बुधवार को दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में सुपर-4 का मुकाबला खेला जाना है। इस मैच में बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान के पास इतिहास रचने का मौका होगा।

मुस्तफिजुर रहमान ने साल 2015 से अब तक 117 टी20 मुकाबलों में 20.57 की औसत के साथ 149 विकेट चटकाए हैं। इस दौरान 3 बार रहमान पारी में चार, या इससे अधिक विकेट हासिल कर चुके हैं। 25 मई 2024 को यूएई के खिलाफ इस तेज गेंदबाज ने 4 ओवरों में महज 10 रन देकर 6 विकेट हासिल किए थे।

फिलहाल, बांग्लादेश की तरफ से सबसे ज्यादा टी20 विकेट हासिल करने के मामले में रहमान, शाकिब अल हसन के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पायदान पर हैं। शाकिब ने 129 टी20 मुकाबलों में 149 शिकार किए हैं।

वैश्विक स्तर पर सिर्फ तीन ही गेंदबाज 150 टी20 विकेट हासिल कर सके हैं। इनमें राशिद खान (173 विकेट), टिम साउदी (164 विकेट) और ईश सोढ़ी (150) का नाम शामिल है।

बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने एशिया कप 2025 के 4 मुकाबलों में 15 ओवर गेंदबाजी की, जिसमें कुल 90 रन देकर 7 विकेट हासिल किए। रहमान इस टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में चौथे स्थान पर मौजूद हैं।

मुस्तफिजुर रहमान ने एशिया कप 2025 में हांगकांग के खिलाफ 22 रन दिए, लेकिन कोई विकेट हासिल नहीं कर सके। इसके बाद उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ 35 रन देकर 1 विकेट लिया।

रहमान ने अफगानिस्तान के विरुद्ध 28 रन देकर 3 विकेट हासिल किए, जबकि श्रीलंका के खिलाफ सुपर-4 मुकाबलों में महज 20 रन देकर उन्होंने 3 विकेट चटकाए। टीम इंडिया की कोशिश इस मुकाबले को जीतकर फाइनल का टिकट हासिल करने की होगी। वहीं, बांग्लादेशी टीम भी सुपर-4 में लगातार दूसरी जीत हासिल करने के इरादे से उतरेगी।

## भारत की मशहूर तैराक आरती साहा, जिन्होंने 11 साल की उम्र में ओलंपिक डेब्यू कर रचा था इतिहास

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रतिभाशाली भारतीय तैराक आरती साहा ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। महज 11 साल 10 महीने की उम्र में उन्होंने ओलंपिक में भाग लेकर इतिहास रचा था। विभिन्न फ्रीस्टाइल और बैकस्ट्रोक इवेंट्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालीं आरती ने 19 साल की उम्र में इंग्लिश चैनल पार करने का कारनामा किया था। आरती ने मशहूर तैराक सचिन नाग के मार्गदर्शन में ट्रेनिंग लेनी शुरू की, जो खुद एशियन गेम्स के चैंपियन और एक ओलंपियन थे। आरती साहा ने फ्रीस्टाइल और ब्रेस्टस्ट्रोक इवेंट में हिस्सा लेते हुए पश्चिम बंगाल में कई प्रतियोगिताएं जीती।



उस दौर में डॉली रुस्तम नजीर को आरती का प्रमुख प्रतिद्वंदी माना जाता था। आरती से करीब 5 साल बड़ी डॉली उस समय की नेशनल रिकॉर्ड होल्डर थीं। साल 1948 में नेशनल चैंपियनशिप में उन्होंने आरती को शिकस्त दी थी।

करीब तीन साल बाद, साल 1951 में आरती साहा ने 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में नेशनल रिकॉर्ड हासिल किया। साल 1952 में ओलंपिक के लिए भारतीय दल में डॉली नजीर और आरती साहा को चुना गया था।

26 जुलाई 1952 को हेलसिंकी ओलंपिक में आरती साहा महिलाओं की 200 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक हीट में उतरीं। वह 3¬40.8 सेकेंड के साथ हीट में छठे स्थान पर रहीं, लेकिन सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने में कामयाब नहीं हो सकीं। इसी के साथ वह सबसे युवा भारतीय ओलंपियन बन गईं।

आरती साहा इंग्लिश चैनल को पार करने वाली पहली एशियन महिला एथलीट हैं। आरती बांग्लादेशी तैराक ब्रोजेन दास से प्रेरित थीं, जो साल 1958 में इंग्लिश चैनल पार करने वाले पहले एशियाई एथलीट बने थे।

आरती साहा ने अगस्त 1959 में पहला प्रयास किया था, लेकिन अपने लक्ष्य से चूक गईं। इसके बाद 29 सितंबर 1959 को उन्होंने अपने दूसरे प्रयास में 16 घंटे 20 मिनट तक तैरने के बाद 42 मील की दूरी तय करते हुए इंग्लिश चैनल पार किया।

आरती साहा को साल 1960 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया। वह पद्मश्री पाने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी थीं। 23 अगस्त 1994 को दिग्गज एथलीट ने दुनिया को अलविदा कह दिया। साल 1998 में उनके सम्मान में एक डाक टिकट जारी किया गया। आरती साहा उन युवाओं के लिए प्रेरणा हैं जो खेल में उत्कृष्टता हासिल करना चाहते हैं। आरती साहा की उपलब्धियां भारतीय तैराकी में नए मानक स्थापित करती हैं।

## एशेज : इंग्लैंड ने की 16 सदस्यीय टीम की घोषणा, तीन साल बाद इस दिग्गज की वापसी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली एशेज 2025-26 के लिए अपनी टीम की घोषणा कर दी है। पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए 16 सदस्यीय टीम की घोषणा की गई है। बेन स्टोक्स कप्तान हैं, जबकि उप कप्तान की जिम्मेदारी हैरी ब्रूक को दी गई। इंग्लैंड की टीम एशेज सीरीज के लिए नवंबर में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएगी। तेज गेंदबाज मैथ्यू पॉट्स ने आखिरी बार इंग्लैंड के लिए टेस्ट मैच दिसंबर 2024 में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था। पॉट्स ने काउंटी सीजन में शानदार प्रदर्शन किया है। डरहम के लिए उन्होंने 10 काउंटी चैंपियनशिप मैचों में 28 विकेट लिए हैं।



इंग्लैंड की टीम में तेज गेंदबाज मार्क वुड भी हैं। वह बाएं घुटने की चोट से उबरने के बाद टीम में वापसी कर रहे हैं। शोएब बशीर ने भी इंजरी से रिकवर करते हुए टीम में जगह बना ली है।

टीम में अनुभवी बल्लेबाज के तौर पर कप्तान बेन स्टोक्स के अलावा जो रूट, जैक क्रॉली, बेन डकेट और ओली पोप हैं। इसके अलावा विकेटकीपर जेमी स्मिथ पर भी दारोमदार होगा।

मार्क वुड और मैथ्यू पॉट के अलावा इंग्लैंड की टीम में जोफ्रा आर्चर भी हैं, जो तेज गेंदबाजी की अगुआई करेंगे। ब्रायडन कार्स, गस एटकिंसन, जोश टंग भी तेज गेंदबाजी को मजबूती देंगे। वहीं, स्पिन गेंदबाजी में शोएब बशीर को जैक्स, रूट और जैकब बेथल से सहयोग मिलेगा।

एशेज सीरीज का पहला टेस्ट 21 नवंबर से पर्थ में, दूसरा टेस्ट 4 दिसंबर से ब्रिसबेन में, तीसरा टेस्ट 17 दिसंबर से एडिलेड में, चौथा टेस्ट 26 दिसंबर से मेलबर्न में और पांचवां टेस्ट 4 जनवरी से सिडनी में खेला जाएगा।

**एशेज सीरीज 2025-26 के लिए इंग्लैंड का स्क्वॉड :-** बेन स्टोक्स (कप्तान), हैरी ब्रुक (उप-कप्तान), जैक क्रॉली, जो रूट, जैकब बेथेल, ओली पोप, बेन डकेट, गस एटकिंसन, जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), विल जैक्स, जोफ्रा आर्चर, शोएब बशीर, ब्रायडन कार्स, मैथ्यू पॉट्स, जोश टंग, मार्क वुड।

## बैलोन डीओर जीतने के लिए इंतजार करने को तैयार हूं - लामिन यामल

**मैड्रिड, एजेंसी।** एफसी बार्सिलोना के फॉरवर्ड लामिन यामल प्रतिष्ठित बैलोन डीओर पुरस्कार नहीं जीत पाने के बावजूद निराश नहीं हैं। वह इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए इंतजार करने को तैयार हैं। हाल ही में अपना 18वां जन्मदिन मनाने वाले यामल सोमवार को पेरिस में आयोजित बैलोन डीओर जीतने की रेस में पेरिस सेंट-जर्मेन के ओस्मान डेम्बेले से पिछड़ गए और दूसरे स्थान पर रहे।

लामिन यामल ने सोशल मीडिया पर लिखा, ईश्वर की योजना एकदम सही है, शिखर तक पहुंचने के लिए आपको चढ़ाई करनी होगी।

बैलोन डीओर पुरस्कार से चूक गए, यमल ने लगातार दूसरे वर्ष सर्वश्रेष्ठ युवा खिलाड़ी के लिए कोपा ट्रॉफी अपने पास बरकरार रखी।

उन्होंने कहा, मैं ट्रॉफी कोपा दूसरी बार जीतकर पाकर खुश हूं और डेम्बेले को उनके पुरस्कार और शानदार सीजन के लिए बधाई देना चाहता हूं।



पेरिस सेंट-जर्मेन के फॉरवर्ड ओस्मान डेम्बेले ने पेरिस में आयोजित वार्षिक पुरस्कार समारोह में 2025 पुरुषों का बैलोन डीओर पुरस्कार जीता और अपने करियर में पहली बार यह सम्मान हासिल किया।

28 वर्षीय फ्रांसीसी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी, जिन्होंने पिछले सीजन में पीएसजी को यूईएफए चैंपियंस लीग, लीग 1 और फ्रेंच कप खिताब जिताने में 35 गोल किए और 16 असिस्ट दिए, यह पुरस्कार पाने वाले छठे फ्रांसीसी खिलाड़ी बने और 2022 में करीम बेंजेमा के बाद पहले खिलाड़ी बने।

डेम्बेले ने कहा, यह पुरस्कार मेरे करियर का लक्ष्य कभी नहीं था, लेकिन मैंने टीम के लिए चैंपियंस लीग जीतने के लिए संघर्ष किया।

पीएसजी को पिछले सीजन में 48 जीत दर्ज करने और 168 गोल करने के बाद वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्लब चुना गया। कोच लुइस एनरिक को पुरुषों के सर्वश्रेष्ठ कोच का पुरस्कार मिला। जियानलुइगी डोनारुम्मा को पुरुषों के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का पुरस्कार मिला। विक्टर ग्योकेरेस शीर्ष स्कोरर रहे। मानवीय कार्यों के लिए सुकरात पुरस्कार जाना फाउंडेशन को दिया गया।

## उदयपुर के 15 खिलाड़ी राष्ट्रीय पेनकेक सिलाट चैम्पियनशिप 2025 के लिए चयनित

**उदयपुर, एजेंसी।** उदयपुर के 15 खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए 13वीं राष्ट्रीय पेनकेक सिलाट चैम्पियनशिप 2025 के लिए जगह बनाई है। यह प्रतियोगिता 25 से 29 सितम्बर तक कर्नाटक के कोप्पल में आयोजित होगी, जिसमें प्री-टीन, सब-जूनियर और जूनियर वर्ग के खिलाड़ी अपनी चुनौती पेश करेंगे। राजस्थान टीम में शामिल उदयपुर के इन 15 खिलाड़ियों में 8 बालिकाएँ और 7 बालक चयनित हुए हैं। उदयपुर पेनकेक सिलाट एसोसिशन के मुख्य सचिव हरीश कुमार सांवरिया ने बताया की राजस्थान टीम में शामिल उदयपुर के इन 15 खिलाड़ियों में 8 बालिकाएं और 7 बालक हैं।उन्होंने बताया कि चैम्पियनशीप के लिये बालिकाओं में सनाया जैन,आराध्या चैधरी, प्रिया सुहालका, कुवीरा व्यास, धनीषा जैन, भव्या हंडेरिया, प्रांशी प्रजापत, हर्षिता चैधरी,बालकों में दिव्यांश शर्मा,लेखाश कावड़िया, प्रगन्य श्रीवास्तव, वरद पाटिल, नक्षत्र दाधीच, जाग्रत अग्रवाल, भावीन अनेजा का चयन किया गया।



## दुबई होगा रियल कबड्डी लीग के पहले अंतरराष्ट्रीय संस्करण का होस्ट दिसंबर 2025 में

**जयपुर, एजेंसी।** भारत का पारंपरिक खेल कबड्डी, रियल कबड्डी लीग (आरकेएल) के रूप में ऐतिहासिक वैश्विक पदार्पण के लिए पूरी तरह तैयार है। यह पहली बार दिसंबर 2025 में दुबई में आयोजित किया जाएगा। इस चैंपियनशिप में भारत, ईरान, बांग्लादेश, यूएई और ऑस्ट्रेलिया इस खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। संस्थापक शुभम चौधरी ने कहा, आरकेएल एक टूर्नामेंट से कहीं बढ़कर है, यह ग्रासरूट स्तर के टैलेंट को एमपॉवर करने और कबड्डी को वैश्विक मंच पर उचित स्थान दिलाने का एक आंदोलन है। दुबई एडिशन के साथ, हमारा लक्ष्य कबड्डी को मुख्यधारा के अंतरराष्ट्रीय खेलों के साथ खड़ा करना है।



## पाकिस्तान ने श्रीलंका को 5 विकेट से हराकर फाइनल की उम्मीद रखी



**अबू धाबी, एजेंसी।** एशिया कप सुपर-4 के बेहद अहम मुकाबले में पाकिस्तान ने श्रीलंका को 5 विकेट से हराकर फाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीद बरकरार रखी है।

पाकिस्तान को साहिबजादा फरहान और फखर जमान ने ठोस शुरुआत दी और पहले विकेट के लिए 45 रन की साझेदारी की। फरहान का विकेट गिरने के बाद विकेटों की लाइन लग गई। 80 तक टीम ने अपने 5 विकेट गंवा दिए। इसके बाद हुसैन तलत और मोहम्मद नवाज ने मोर्चा संभाला और नाबाद 58 रन की साझेदारी कर पाकिस्तान को 5 विकेट से जीत दिला दी।

इस जीत के साथ पाकिस्तान की एशिया कप फाइनल खेलने की उम्मीद बची है, तो श्रीलंका की उम्मीदें समाप्त हो चुकी हैं। श्रीलंका को अपने पिछले मैच में बांग्लादेश से भी हार का सामना करना पड़ा था।

टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत बेहद खराब रही थी। सलामी बल्लेबाज निसांका और कुसाल मेंडिस क्रमशः 8 और शून्य के स्कोर पर शाहीन अफरीदी का शिकार बने। तीसरे नंबर पर उतरे कुसल परेरा 12 गेंद पर 15 रन बनाकर हारिस रऊफ के शिकार बने। वहीं, चौथे नंबर पर आए कप्तान चरिथ असलांका 19 गेंद पर 20 रन बनाकर आउट हो गए। पूर्व कप्तान शनाका शून्य पर आउट हुए। हसरंगा ने 15 रन बनाए। कामिंडु मेंडिस और चमिका करुणारत्ने ने सातवें विकेट के लिए 43 रन की साझेदारी कर टीम का स्कोर 123 तक पहुंचाया। कामिंडु मेंडिस ने अर्धशतक लगाया। वह 44 गेंद पर 3 चौके और 2 छक्के की मदद से 50 रन की पारी खेलकर आउट हुए। चमीका करुणारत्ने की 17 रन बनाए। मेंडिस के अर्धशतक की बदौलत श्रीलंका 20 ओवर में 8 विकेट पर 133 रन बना सकी। शाहीन अफरीदी ने 4 ओवर में 28 रन देकर 3 विकेट लिए। हुसैन तलत ने 3 ओवर में 18 रन देकर 2 विकेट लिया। हारिस रऊफ ने 4 ओवर में 37 रन देकर 2, अबरार अहमद ने 4 ओवर में सिर्फ 8 रन देकर 1 विकेट लिया।

### अभियान में हर गर्भवती महिला का पंजीयन करके एएनसी चेकअप करें : कलेक्टर

# गंभीर एनिमिक गर्भवती महिलाओं को खून चढ़ाने की जिला अस्पताल में प्रतिदिन व्यवस्था करें : कलेक्टर



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि सेवा पखवाड़े में जिले भर में दो अक्टूबर तक स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान चलाया जा रहा है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिला चिकित्सालय से लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तक महिलाओं की निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच के शिविर लगाएं। इन शिविरों में दो अक्टूबर तक प्रत्येक गर्भवती महिला का अनिवार्य रूप से पंजीयन कर उनका एएनसी चेकअप कराएं। ग्रामीण क्षेत्रों में आंगनवाड़ी केन्द्रों में शिविर लगाकर गर्भवती महिला के हीमोग्लोबिन, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर तथा पोषण स्तर की जाँच कराएं। प्रत्येक पंजीकृत महिला की जानकारी अनमोल पोर्टल और यूविन पोर्टल पर तत्काल अपलोड करें।

कलेक्टर ने कहा कि सेवा पखवाड़े में बड़ी संख्या में रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इनसे पर्याप्त मात्रा में रक्त प्राप्त हुआ है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा सिविल सर्जन जिला अस्पताल में शिविर लगाकर गंभीर एनिमिक गर्भवती महिलाओं को खून चढ़ाएं। सभी बीएमओ एनिमिक गर्भवती महिलाओं को जिला चिकित्सालय तक ले जाने की व्यवस्था करें। किशोरी बालिकाओं के स्वास्थ्य की जाँच के लिए प्रत्येक विकासखण्ड में 15 टीमें तैनात करें। प्रत्येक हाईस्कूल और हायर सेकण्डरी स्कूल में जाकर 11 से 18 वर्ष तक की छात्राओं के स्वास्थ्य की जाँच करें। जिला शिक्षा अधिकारी इसमें स्वास्थ्य विभाग को पूरा सहयोग दें। सभी स्कूलों में 2 अक्टूबर तक शत-प्रतिशत किशोरियों की स्वास्थ्य जाँच सुनिश्चित करें। जाँच के दौरान एनिमिक पाए जाने वाली किशोरियों के समुचित उपचार की भी व्यवस्था करें। कलेक्टर ने सेवा पखवाड़े के दौरान ही प्रत्येक क्षय रोगी को उपचार तथा निश्शुल्क फूड बास्केट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि अभियान के दौरान सम्पूर्ण टीकाकरण से छूटे शिशुओं का टीकाकरण भी कराएं। इसके लिए आंगनवाड़ी केन्द्र स्तर तक शिविर लगाकर टीकाकरण सुनिश्चित करें।

कलेक्टर ने कहा कि 26 और 27 सितम्बर को विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों में शामिल होने के लिए सांसद, विधायकगण, जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा सदस्य एवं अन्य जनप्रतिनिधियों से अनुरोध करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सभी संजीवनी क्लीनिकों में डॉक्टरों की उपस्थिति और नियमित संचालन सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने अभियान के संबंध में लापरवाही बरतने पर बीएमओ सिरमौर को कड़ी फटकार लगाई। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के जिला स्तरीय प्रभारी तथा बीएमओ सिरमौर के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने कहा कि जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए जा रहे शिविरों में पूरा सहयोग करें। जिले में सभी ग्राम पंचायतों में आदि कर्मयोगी अभियान के तहत आदि सेवा केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें नोडल अधिकारी तैनात कर दिए गए हैं। अभियान से जुड़ी जानकारी सभी अधिकारी पोर्टल पर दर्ज करा दें। दो अक्टूबर तक दिव्यांगजनों को कृत्रिम उपकरण देने के लिए जाँच शिविर लगाए जा रहे हैं। इनमें पात्र दिव्यांगों का चिन्हांकन करें।

## 1000 करोड़ के मुआवजे घोटाले को लेकर कांग्रेस नेताओं ने ईओडब्ल्यू से की शिकायत



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** मध्यप्रदेश के रीवा संभाग अंतर्गत सिंगरौली के अडानी कोल ब्लॉक में 1000 करोड़ के मुआवजे का घोटाला भू अर्जन अधिकारी राजेश शुक्ला द्वारा किए जाने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस नेता कुँवर सिंह पटेल और कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता विनोद शर्मा ने एसपी आर्थिक अपराध ब्यूरो रीवा से मिलकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि सिंगरौली जिले में पदस्थ संयुक्त कलेक्टर भू अर्जन अधिकारी राजेश शुक्ला ने व्यापक भ्रष्टाचार किया है। ग्राम वासीबेरदह की आराजी क्रमांक 956/1 व 956/2, जो आदिवासी प्रवर्ग से हैं, की भूमि पर अन्नू पटेल द्वारा मकान बनाया गया था, जिसका मुआवजा 77 लाख 85 हजार रुपये दिया गया। लेकिन 132 आदिवासियों का मुआवजा यह कहकर निरस्त कर दिया गया कि उनकी भूमि अन्यत्र प्रवर्ग के लोगों का घर है।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि राजेश शुक्ला सरकारी भूमि की रजिस्ट्री दिखाकर मुआवजा का निर्धारण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला और राजेश शुक्ला आपस में साड़ू भाई हैं, जिससे यह घोटाला और भी गंभीर हो जाता है। कांग्रेस ने कहा कि मुआवजा वितरण में कलेक्टर, संयुक्त कलेक्टर और नायब तहसीलदार सहित पूरी टीम मुआवजे में हेरफेर कर रही है। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा था कि सिंगरौली को सिंगापुर बनाएंगे, लेकिन वर्तमान मुख्यमंत्री मोहन यादव और मुख्य सचिव अनुराग जैन ने इसे सिंगुर बनाने का संकल्प लिया है। कांग्रेस पार्टी ने आदिवासी भाइयों की लड़ाई में कोई कोर कसर नहीं छोड़ने का आश्वासन दिया है।

यदि न्याय नहीं मिला, तो कांग्रेस पार्टी सड़क पर संघर्ष करेगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान कुँवर सिंह पटेल, डॉ. विनोद शर्मा, खेमराज साकेत और अन्य कांग्रेस पदाधिकारी उपस्थित थे।


## सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत नगर निगम रीवा में सफाई मित्र सुरक्षा शिविर में हुआ सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आज नगर निगम रीवा के टाउन हॉल में सफाई मित्र सुरक्षा शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ निगमायुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन कर किया। इस कार्यक्रम के दौरान 310 से अधिक सफाई मित्रों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा किया गया। परीक्षण के दौरान ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, हीमोग्लोबिन, फेफड़ों और हृदय संबंधी रोगों की जांच की गई। चिकित्सकों ने सभी सफाई मित्रों को संतुलित आहार, समय पर स्वास्थ्य जांच और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी।

नगर निगम ने सफाई मित्रों को शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी देते हुए उन्हें इन योजनाओं का पंजीकरण कराने की सुविधा भी उपलब्ध कराई। निगम आयुक्त ने कहा कि सफाई मित्र नगर की स्वच्छता व्यवस्था की रीढ़ हैं। नगर को स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर बनाए रखने में उनका योगदान अमूल्य है।

उन्होंने कहा कि सफाई मित्रों का नियमित अंतराल पर स्वास्थ्य परीक्षण आवश्यक है और प्रत्येक 45 दिन में स्वास्थ्य परीक्षण कराने की सलाह दी। साथ ही, उन्होंने शासन प्रदत्त सभी योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ दिलाए जाने के निर्देश दिए।

## स्कूल की छत नहीं डाली, रुपए हड़पने का आरोप; एक दिन भी उपयोग नहीं कर सके स्टूडेंट्स, अब गिराने की तैयारी



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** एक विद्यालय का भवन बना लेकिन उसमें छत नहीं डाली गई। अब इस भवन को गिराने की तैयारी है। स्कूल प्राचार्य ने भ्रष्टाचार पर प्रशासन कठोर कार्यवाही करने की मांग की है। मामला शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लालगांव का है। स्कूल भवन को गिराया जाना है क्योंकि नए 8 कक्ष बनने हैं। प्राचार्य ने बताया कि विद्यालय परिसर में ही लगभग 15 से 20 वर्ष पुराना एक भवन बना हुआ है। वर्तमान में मैं रामसजीवन साकेत, प्रभारी प्राचार्य के पद पर कार्यभार संभाल रहा हूं। पूर्व प्राचार्य उमेश तिवारी भी यहीं पदस्थ हैं।

राशि आहरित होने के बाद भी इस भवन का निर्माण कभी भी पूर्ण नहीं कराया जा सका। भवन किस मद से बनाया गया था और किसके द्वारा बनाया गया था। इसकी जानकारी सही से हम शिक्षकों के पास भी नहीं है। लेकिन इस भवन को देखने के बाद यह स्पष्ट बताया जा सकता है कि इसके निर्माण में व्यापक स्तर का भ्रष्टाचार किया गया है। कुछ लोग इसे तत्कालीन पंचायत सरपंच लालगांव के द्वारा बनाया हुआ भी बता रहे हैं।

**प्राचार्य का आरोप- भवन निर्माण में भ्रष्टाचार हुआ:** प्राचार्य ने बताया कि जो भी हो इस भवन के निर्माण में भ्रष्टाचार हुआ है। बिना निर्माण कार्य कराए समस्त राशि को डकार लिया गया है। भवन को अधूरा छोड़ दिया गया है। अब जब 8 कक्ष के नवीन भवन बनाए जाने की बात सामने आई है तो इसे गिराए जाने की चर्चा की जा रही है। जबकि इसका उपयोग ही कभी नहीं किया जा सका लेकिन छत और रखरखाव के आभाव में उपयोग से पहले ही यह कमजोर और जर्जर दिखने लगा है। काम में भ्रष्टाचार होने की वजह से जिम्मेदार शिक्षकों ने अपनी समस्या बताई है। इस विषय पर वरिष्ठ अधिकारियों और शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया है। ताकि वह इसकी विधिवत जांच पड़ताल करें और दोषियों पर दंडात्मक कार्यवाही करें। ग्रामीणों की माने तो उस समय इसके निर्माण के लिए 20 लाख से अधिक राशि स्वीकृत हुई थी।

## 26, 27 को जिले में होंगी किसान पंचायतें





**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** सरकार द्वारा पैदा किए गए गंभीर खाद संकट और आवारा पशु समस्या सहित अन्य प्रमुख मुद्दों को लेकर किसान संघर्ष समिति ने दो दिवसीय किसान अधिकार यात्रा एवं किसान पंचायतों का आयोजन करने का निर्णय लिया है। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व विधायक डॉ. सुनीलम, राष्ट्रीय प्रवक्ता एडवोकेट शिव सिंह, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह शंखू, प्रदेश सचिव शत्रुघ्न यादव (ग्वालियर), प्रदेश सचिव संतकुमार पटेल, और संभागीय संयोजक एड. पुष्पेंद्र सिंह सहित संयुक्त किसान मोर्चे के नेता शामिल होंगे।

रीवा जिला अध्यक्ष फौजी यदुवंश प्रताप सिंह और मऊगंज जिला अध्यक्ष अजय कुमार पटेल ने बताया कि 26 सितंबर को सुबह 9:30 बजे चोरगड़ी, दोपहर 12:00 बजे मढ़ी खुर्द, दोपहर 2:30 बजे पहरखा, और शाम 4:30 बजे अगड़ाल में पंचायतें होंगी।

27 सितंबर को सुबह 9:30 बजे बंधवा मोड़, दोपहर 12:00 बजे पाडर, दोपहर 2:00 बजे फरहदा, और शाम 4:00 बजे ग्राम पुरवा पड़रिया में पंचायत का समापन होगा। इस कार्यक्रम के लिए जिला सचिव अनिल मिश्रा ने संयुक्त किसान मोर्चे के नेताओं और सभी किसान साथियों से किसान अधिकार यात्रा एवं पंचायत में शामिल होने की अपील की है।

## सीएमएचओ कार्यालय में आराम फरमाते नजर आए लेखापाल, कांग्रेस ने बताया सरकारी दामाद



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** सीएमएचओ कार्यालय से एक तस्वीर वायरल हुई है, जिसमें जिला लेखापाल संतोष तिवारी ड्यूटी के दौरान कार्यालय के भीतर आराम करते नजर आए। यह तस्वीर ऑफिस के अन्य कर्मचारियों ने खींची और मीडिया को सौंप दी। मामला मंगलवार का बताया जा रहा है।

सूत्रों के अनुसार, लेखापाल ने सीएमएचओ कार्यालय के चेंबर को सोने के लिए उपयोग किया। जब कर्मचारियों ने उन्हें टोका कि यह कार्यालय है, नींद पूरी करने की जगह नहीं, तो संतोष तिवारी ने किसी से न डरने की बात कही। इससे कार्यालय में माहौल तनावपूर्ण हो गया। हालांकि पूरे मामले में लेखपाल ने सफाई देते हुए स्वास्थ्य खराब होना वजह बताई है। लेकिन कांग्रेस की तरफ से इसे महज बहाना बताते हुए तर्क दिया गया है कि अगर स्वास्थ्य खराब होता तो घर या चिकित्सालय में होते।

**जनता की फिक्र नहीं ये सरकारी दामादः** कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता विनोद शर्मा ने कहा कि जिस तरह से ये अधिकारी कर्मचारी ड्यूटी टाइम में आराम फरमा रहे हैं। उन्हें देखकर यह समझ आता है कि आखिरकार जनता आज क्यों परेशान और त्रस्त है। जनता क्यों अधिकारियों के दफ्तरों के भीतर घंटों इंतजार करने को मजबूर है, क्योंकि ये एसी चलाकर भीतर आराम से सो रहे हैं। इन्हें जनता की फिक्र नहीं ये सरकारी दामाद हैं।

## मुख्यमंत्री ने धान उत्पादक किसानों के खातों में प्रोत्साहन राशि अंतरित की



**मीडिया ऑडीटर, मऊगंज (निप्र)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने धान उत्पादक किसानों को सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रोत्साहन राशि अंतरित की। उन्होंने बालाघाट जिले के कटंगी से प्रदेश के 6.69 लाख धान उत्पादक किसानों के खातों में 337 करोड़ रूपये की प्रोत्साहन राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से भेजी। इसमें मऊगंज जिले के 15977 किसानों को 8 करोड़ 36 लाख रूपये की राशि शामिल है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार अन्नदाता के प्रति समर्पित है। किसानों की परेशानी में हर समय सरकार उनके साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि हम किसानों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध हैं। मुख्यमंत्री ने किसानों से कहा कि पराली न जलाये। प्राकृतिक खेती अपनाकर धरती को बचायें। बालाघाट से प्रसारित कार्यक्रम को कलेक्ट्रेट में देखा गया। मऊगंज विधायक प्रदीप पटेल ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को साधुवाद देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जी सही मायने में किसानों के हितैषी हैं। उन्होंने किसानों को प्रोत्साहन राशि देकर उनका मनोबल बढ़ाया है। मऊगंज में इस अवसर पर विधायक मऊगंज प्रदीप पटेल, कलेक्टर संजय कुमार जैन, नगर परिषद अध्यक्ष बृजवासी पटेल, जनपद मऊगंज अध्यक्ष नीलम सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर पीके पाण्डेय, एसडीएम राजेश मेहता, डिप्टी कलेक्टर पीके द्विवेदी तथा अन्य जनप्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## विधायक अभय मिश्रा के सुमन वाटिका में नवरात्रि के शुभ अवसर पर नातिन नयन तारा का मनाया गया जन्मदिन



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** नवरात्रि के पावन पर्व पर, दूसरे दिन सेमरिया विधायक अभय मिश्रा के फार्म हाउस सुमन वाटिका में देवी गीतों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर देश की सुप्रसिद्ध भजन गायिका कविता पौड़वाल ने अपनी मधुर आवाज़ में देवी गीतों की ऐसी प्रस्तुतियाँ दीं कि पूरा परिसर भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम की शुरुआत माँ दुर्गा की आराधना से हुई, जिसके बाद एक से बढ़कर एक भजनों और देवी गीतों ने उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। जय अम्बे गौरी और चलो बुलावा आया है जैसे लोकप्रिय देवी गीतों पर भक्त झूम उठे और तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा परिसर गूंज उठा।

इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु, सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल हुए। सेमरिया विधायक अभय मिश्रा ने कहा कि नवरात्रि उत्सव भारतीय संस्कृति और आस्था का प्रतीक है। ऐसे कार्यक्रमों से समाज में भक्ति और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने बताया कि रीवा की धरती पर कला और संस्कृति की परंपरा सदियों से जीवित रही है और इसी कड़ी को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। भजन गायिका कविता पौड़वाल ने कहा कि रीवा की पावन धरती पर माँ दुर्गा के दरबार में भजन प्रस्तुत करना उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने श्रोताओं के उत्साह और प्रेम को अविस्मरणीय बताया।

कार्यक्रम के अंत में माँ दुर्गा की आरती और प्रसाद वितरण हुआ, जहां श्रद्धालु देर रात तक भजनों के रसपान में डूबे रहे।

# जिला सतर्कता एवं मूल्यांकन समिति की बैठक संपन्न



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधायक मनगवां नरेन्द्र प्रजापति ने कहा कि जनजातीय कार्य विभाग द्वारा अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के पीड़ित परिवारों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी प्रत्येक ग्राम पंचायत तथा पुलिस थानों में प्रदर्शित कराएं। पीड़ित के विरूद्ध प्रकरण दर्ज होने के बाद पुलिस अधिकारियों के माध्यम से पीड़ितों को राहत योजना तथा अन्य सुविधाओं की जानकारी दें। योजनाओं के पैम्प्लेट बनाकर ग्राम पंचायतों के माध्यम से इनका प्रचार-प्रसार कराएं। अनुसूचित जाति और जनजाति के कल्याण से जुड़ी योजनाओं में आवश्यक बजट की तत्काल मांग करें, जिससे पात्र पीड़ितों को समय पर राहत राशि प्रदान की जा सके।

बैठक में विधायक प्रतिनिधि सिरमौर भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि अनुसूचित जाति और जनजाति के विकास से जुड़ी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करें, जिससे गरीब परिवार इन योजनाओं का लाभ उठा सके। बैठक में अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी ने कहा कि अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत दर्ज प्रकरणों की नियमित मॉनीटरिंग की जाती है। पीड़ितों को तत्परता से राहत राशि उनके बैंक खाते में दी जा रही है। बैठक में जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग कमलेश्वर सिंह ने बताया कि वर्तमान तिमाही में अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत 55 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। इनमें से 22 प्रकरणों में राहत राशि देने की कार्यवाही की जा रही है। न्यायालय में वर्तमान में 1438 प्रकरण लंबित हैं। इस तिमाही में 5 प्रकरणों में दोषियों को सजा दिलाई गई तथा 13 प्रकरणों में आरोपी न्यायालय से बरी किए गए हैं। इस तिमाही में 61 नए प्रकरण न्यायालय में दर्ज हुए हैं। शासन स्तर से विचाराधीन प्रकरणों में पीड़ितों तथा गवाहों को दैनिक पारिश्रमिक एवं भोजन की राशि देने के लिए अब सीधे पुलिस विभाग को ही आवंटन दिया जाएगा। बैठक में मऊगंज जिले में विशेष न्यायालय की स्थापना तथा रीवा में एक अन्य न्यायालय को अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत दर्ज प्रकरणों की सुनवाई के लिए अधिकृत करने का सुझाव दिया गया। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अजाक अनिल सोनकर, एसडीओपी उदित मिश्रा तथा समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक/प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया ऑडीटर पब्लिकेशन प्रा.लिमि. राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से प्रकाशित, **संपादक संदीप द्विवेदी**, आर.एन.आई नं. 69082/97, डाक पंजीयन क्र.- म. प्र./ रीवा संभाग/ 46/2023-2025, प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9589645803, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।